
MPHIN/2021/83938



# दैनिक पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 4 : अंकः 38 | ग्वालियर,14 दिसम्बर गुरुवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

## मुख्यमंत्री नहीं बनाए जाने के बाद भी क्यों बागी नहीं हुए शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे?

तीन राज्यों में बंपर जीत के बाद बीजेपी के तीन बड़े नेता किनारे लग गए. छत्तीसगढ़ में रमन सिंह को विधानसभा अध्यक्ष बनाकर बता दिया गया कि उनकी राजनीति अब यहीं तक थी. हालांकि मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और राजस्थान में वसुंधरा राजे का सियासी भविष्य अब भी बीच में फंसा है. ऐसे में एक सवाल और उठ रहा कि आखिर एमपी-राजस्थान में सीएम नहीं बनाए जाने के बाद भी शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे ने बगावत क्यों नहीं कीं.

**बीजेपी के बागी नेताओं का इतिहास**-तीन राज्यों के तीन नए मुख्यमंत्री घोषित होने के बाद से ही सोशल मीडिया पर कई मीम्स वायरल हो रहे हैं. जिसमें कहा गया कि अगर इतनी बड़ी जीत कांग्रेस की हुई होती और कांग्रेस के स्थापित नेताओं को मुख्यमंत्री नहीं बनाने पर पार्टी टूटकर कई धड़ों में बिखर गई होती.पश्चिम बंगाल के सीएम ममता बनर्जी और आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन रेड्डी इसके साक्षात उदाहरण हैं. इन नेताओं ने कांग्रेस पार्टी को तोड़कर अपनी पार्टी बनाई और अब अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन बीजेपी में इसका ठीक उल्टा है.बीजेपी में जितने भी कद्दावर नेता बागी हुए, बगावत के बाद या तो उन्हें फिर से बीजेपी की ही शरण में आना पड़ा या फिर राजनीति में वो ऐसे हाशिए पर गए कि उन्हें सियासत से



संन्यास ही लेना पड़ा.

**केशुभाई पटेल ने की थी बगावत तो**-गुजरात में बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री रहे केशुभाई पटेल इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं. साल 2001 में जब केशुभाई पटेल को हटाकर नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री बनाया गया तो 2002 चुनाव में उन्हें विधानसभा का टिकट तक नहीं मिला. हालांकि राज्य सभा के जरिए वो केंद्र की राजनीति में गए. लेकिन 2007 में उन्होंने पार्टी से बगावत कर दी और विधानसभा चुनाव में अपने समर्थकों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की.उन्होंने तब बीजेपी की अपनी सदस्यता भी रिन्यू नहीं करवाई और साल 2012 में बीजेपी छोड़कर नई पार्टी गुजरात परिवर्तन पार्टी बनाई. उस चुनाव में अपनी पार्टी से जीतने वाले वो एकलौते विधायक थे. तब उन्होंने विसवदर विधानसभा से बीजेपी के कनुभाई भलाला को मात दी थी.जब ये तय हो गया कि मौजूदा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब गुजरात नहीं, बल्कि दिल्ली संभालेंगे और 2014 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के प्रधानमंत्री पद का चेहरा नरेंद्र मोदी होंगे तो केशुभाई पटेल ने अपनी पार्टी का विलय भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के साथ कर दिया. एक लाइन में कहें तो बीजेपी से उनकी बगावत उनकी राजनीति को पूरी तरह से खत्म कर गई.

**कल्याण सिंह ने बगावत कर बना ली थी पार्टी** -बीजेपी के बागियों की फेहरिश्त में बड़ा नाम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे कल्याण सिंह का भी है. उस समय बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी हुआ करते थे. साल 1999 में कल्याण सिंह को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया था, जिसके बाद कल्याण सिंह ने बगावत कर अपनी नई पार्टी बनाई और उनका नाम राष्ट्रीय क्रांति पार्टी रखा.हालांकि तीन साल में ही कल्याण सिंह को समझ में आ गया कि नई पार्टी के बल पर वो राजनीति में कुछ हासिल नहीं कर सकते तो 2004 में उन्होंने बीजेपी में वापसी कर ली. उन्होंने उस समय लोकसभा का चुनाव भी लड़ा और जीत भी गए, लेकिन 2009 में उन्होंने फिर से बीजेपी छोड़ द

## नेता प्रतिपक्ष में हो सकता है रामनिवास रावत का नाम

**विजयपुर।**...आज विधानसभा निर्वाचन 2023के परिणामों के फल स्वरूप कांग्रेस के कई धुरंधर नेता सीट नहीं बचा सके ओर कोंग्रेस पार्टी को नेता प्रतिपक्ष के लिए एक अनुभवी ओर जनाधार वाले चेहरे की तलाश करते देखा जा रहा है शीर्ष नेतृत्व से लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के बीच से एक नाम उभर कर सामने आ रहा है जो कि अनुभवी नेता होने के साथ जनाधार वाले नेता के रूप में श्री रामनिवास रावत जी, नेता प्रतिपक्ष की दौड़ में आगे दिखाई दे रहे हैं।।भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के हितार्थ रामनिवास रावत जी को नेता प्रतिपक्ष का पद देना आगामी चुनावों में सत्ता वापसी के लिए संजीवनी के तौर पर साबित हो सकता है।।रावत जी ओबीसी वर्ग के साथ-साथ ह्यष ओर ह्यह्र वर्ग पर भी मजबूत पकड़ के धनी है । तथा किसान हितैषी कार्यशैली एवं युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत होने से



सामान्य वर्ग के भी चहेते नेता है अब तक की राजनीति में रामनिवास रावत जी का बेदाग छवि का चेहरा होने के साथ विवादों से दूर, अनुभवी नेता का फायदा कांग्रेस पार्टी को मिल सकेगा,। विधानसभा की कार्रवाई में उत्कृष्ट विधायक के रूप में ख्याति प्राप्त होने से विधानसभा मुख्य सचेतक की भूमिका में विधानसभा 2018 में सत्ता प्राप्ति तक की मेहनत को भी नकारा नहीं जा सकता, अगर 2018 में रावत जी, अपनी सीट बचा पाते तो 2020में कोंग्रेस पार्टी सत्ता से बाहर नहीं जाती।। रावत जी जैसे अनुभवी नेता को पार्टी, नेता प्रतिपक्ष बनाकर एक तीर से कई निशाने साध कर विपक्ष में संबल प्रदान कर सकेगी, इधर ग्वालियर चंबल संभाग की राजनीति को सत्ता धारी दल को रोकने के साथ पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए रावत, रीड की हड्डी साबित होगें, साथ ही साथ ग्वालियर चंबल की सभी लोक सभा सीटों पर जनाधार का असर देखने को मिल सकेगा, चूंकि रावत जी की लोकप्रियता ग्वालियर चंबल संभाग में अधिक तर देखने को मिलती रहती है।। ओर जनता के लिए भी उवाऊ नेताओं से छुटकारा पा कर रावत जी जैसे नेता पर विश्वास करना आगामी चुनावों के लिए सर्वोपरि होगा,जिसका फायदा पार्टी को पूरे मध्य प्रदेश में देखने को मिलेगा

## रामपुर में स्ट्रीट लाइट नहीं जलने से हो रहे हादसे

**सबलगढ़।।** रामपुर कला कस्वे में अधिकांश गांव में रात के समय उजाला हेतुस्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है जबकि ग्राम पंचायत के स्तर पर पूर्व में ठहरा प्रस्ताव कर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की गई है मुख्य सड़क पर स्ट्रीट लाइट में लगने से सूरज ढलते ही सड़कों पर अंधेरा छा जाता है इस कारण चोरी की घटनाएं बढ़ रही है वही रात के समय सड़क पर बैठने वाली मवेशियों से बाहर टकराने की घटनाएं निरंतर बढ़ रही है यह बता दें कि तत्कालीन जनपद सीईओ बलवीर सिंह कुशवाहा ने ग्राम पंचायत रामपुर कला में स्ट्रीट लाइट लगाने के साथसीसी टीवी कैमरा लगाने के निर्देश भी दिए थे लेकिन रामपुर कला के सरपंच और सचिव ने अभी तक उनके आदेश का पालन नहीं किया था इसके लिए तत्कालीन सीइओ के स्तर पर रामपुर कला में दो-तीन बैठक भी की गई तथा कुछ राशि मंजूरभी की गई लेकिन अभी तक गलियोमेबल्ब नहीलगाए गए हैं और नही किसी प्रकार की कोई कार्रवाई की गई है यहां तक की सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाये गये है

## जब जब धरा पर बडते हैं पाप तब भगवान लेते हैं अवतार- पं घनश्याम शास्त्री

### भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव पर धूमधाम से नाचे भक्तगण,नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की





**ग्वालियर।**भागवत कथा में हुआ श्री कृष्ण जन्म जमकर नाचे श्रद्धालु नई सड़क स्तिथ पहाडाय वाली माता मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा में में सुप्रसिद्ध भागवत आचार्य पंडित श्री घनश्याम शास्त्री जी महाराज ने बताया कि भागवत कथा सुनने का मौका किस्मत वालों को ही मिलता हैबताया कि जब धरती पर पाप और अधर्म में बढ़ोतरी होती है, तभी भगवान इन पापों का अंत करने धरती पर अवतार लेते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लिया और अपना बचपन बिताया। यहां मिट्टी के कण-कण में भगवान श्रीकृष्ण का प्यार बसा हुआ है। इसीलिए जो भी व्यक्ति मथुरा, गोकुल और वृंदावन की धरती पर आता है, वो बार-बाक यहां खिंचा चला आता है। शास्त्री ने बताया कि बाल गोपाल के जन्म का शुभ समाचार सुनते ही समूह गोकुल में खुशियों का माहौल बन गया। गायों व पक्षियों ने चहचहाना व हर्ष मनाना शुरू कर दिया शास्त्री जी ने बताया कि क्या आपको पता है कि भगवान देवों के पक्ष में तथा दैत्यों के विरुद्ध क्यों होते हैं? इसके जवाब में बताया कि जब ज्ञान व शक्ति का प्रयोग जन कल्याण के स्थान पर जनता को परेशान करने के लिए किया जाता है तो प्रभु दुष्टों को सजा जरूर देते हैं। कथा वाचक घनश्याम शास्त्री ने बताया कि दैत्य भी ज्ञानी होते हैं, पर ज्ञान व शक्तियों के प्रभाव पर उनका काबू नहीं होता। वह इसका प्रयोग गलत कार्यो में करते हैं, क्योंकि उनकी बुद्धि नहीं होती और वह भ्रष्ट हो जाते हैं। इस कारण प्रभु को उनका वध करने हेतु विवश होना पड़ता है शास्त्री जी ने कहा कि हरि नाम ही सत्य जाप करना जरूरी है। उन्होंने कथा के माध्यम से भागवत के महत्व की जानकारी उपस्थित लोगों को दी तथा कहा कि भागवत सुनने से मनुष्य जीवन को कई जानकारी मिलती है। उसे अपने जीवन में उतार कर मनुष्य काफी कुछ सीख सकता है तथा अपने जीवन को खुशहाल बना सकता है शास्त्री जी ने कहा कि कलयुग में हरि नाम का जाप सबसे महत्वपूर्ण है। मनुष्य जीवन को हरि नाम के जाप से काफी कुछ मिल सकता है शास्त्री जी ने कि जब-जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। कथा का संगीतमयी वर्णन सुन श्रद्धालुगण झूमने लगेकथा के अंत में परीक्षित श्रीमति विनीता एन. सी.चतुर्वेदी और कथा आयोजक वंदना अखिलेस जी सहित तमाम सदस्य उपस्थित रहे

### प्रशासन ने मुख्य मार्ग परलगवाऐ अस्थाई डिवाइडर

## एसडीएम ने ट्रांसपोर्ट नगर लावारिस गोवंश एवं सब्जी मंडी के लिए जगह देखी

सबलगढ़ एसडीएम वीरेंद्र कटारे द्वारा बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार नगर की प्रमुख समस्याओं के निराकरण हेतु पहल शुरू कर दी गई है एसडीएम ने नगर में लगने वालीदोनो सब्जी मंडियो को कृषि उपज मंडी में शिप्ट करने के लिए कृषि उपज मंडी का स्थल निरीक्षण किया नगर पालिका और मंडी सचिव को सब्जी विक्रेताओं के लिए जगह साफ कर चबूतरे बनवाने के निर्देश दिए इसके साथ जाम से राहत दिलाने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से लोहे के वेरीगेट्स मंगवाकर नगर पालिका द्वारा अस्थाई डिवाइडर एक दूसरे को वेल्डिंग करके लगवाऐ गऐहै एसडीएम वीरेंद्र कटारे ने शहरपटवारी रवि शंकर बंजारा को साथ लेकर रामपुर रोड पर अलखियाखोह के पास राजस्वकीखाली पड़ी भूमिका चयन करशीधहीसाफ-सफाई कराकर ट्रांसपोर्ट नगर के रूप रेखा तय करने के निर्देश दिए लावारिस गोवंश को नगर से बाहर करने के लिए रामपुर रोड गौशाला के पास खाली पड़ी चरनोईकी भूमिका चयन किया राधा माधव गौशाला के पास ही वृद्ध आश्रमकेलियेचिन्हितजगहमे वृद्ध आश्रम का निर्माण करने को कहा गया जबकि तत्कालीन एसडीएम अभिषेक सिंह द्वारा अलखिया खोह के रास्ते में पूर्व से वृद्ध आश्रम के लिए जगह चिन्हितकी गई थी

## नगर पालिका सीएमओ छुट्टी पर कर्मचारियों को वेतन के पड़े लाले

सबलगढ। नगर पालिका सीएमओ अशोक पटेल विधानसभा के चुनाव संपन्न होते ही छुट्टी पर चले गए हैं इस दौरान वह अपना प्रभार राजस्व निरीक्षक प्रदीप शर्मा को दे गए हैं ऐसे में सफाई कर्मचारियों के अलावा नगर पालिका में तैनात कर्मचारियों को वेतन की लाले पड़े हुए हैं नाम छापने पर कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें दीपावली से पहले 2 महीने का वेतन दिया गया था इसके बाद से कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी व सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं दिया गया है कार्यालय में सीएमओ केनहीं मिलने से आमजनकीभी सुनवाई नहीं हो रही है तथा कर्मचारी भी मनमानी पर उतरे आए हैं इस संबंध में राजस्व निरीक्षकप्रदीप शर्मा का कहना है कि सीएमओ छुट्टी लेकर गए हैं सामान्य कार्यों के लिए मुझे प्भार सौंप गए हैं 15 दिसंबर तक सीएमओ के आने पर ही समस्याओं का समाधान हो पाएगा

## ट्रांसपोर्ट नगर,सब्जी मण्डी और लावारिस गौ-वंश के लिए एस डी एम ने किया स्थान चयन

**सबलगढ़**/बीते दिनों सबलगढ एसडीएम बीरेन्द्र कटारे द्वारा ली गई बृहद बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार आज 6 दिसंबर को नगर की प्रमुख समस्याओं के निराकरण हेतु सबलगड़ एसडीएम बीरेन्द्र कटारे द्वारा नगर में लगने वाली सब्जी मंडियों को कृषि उपज मण्डी में शिफ्ट करने के लिए कृषि उपज मण्डी का स्थल निरीक्षण किया जंहा नगरपालिका और मण्डी सचिव को सब्जी विक्रेताओं के लिए जगह साफ करके चबूतरे बनवाने के निर्देश प्रदान किये वंही नगर में लगने वाले जाम से राहत के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग से लोहे के बेरिकेड्स मंगवाकर नगरपालिका द्वारा अस्थाई डिवाइडर के रूप में लगवाए गए हैं जिससे काफी हद तक जाम से मुक्ति मिलेगी,नगर के संतरों एवं मेन रोड़ पर ट्रांसपोर्ट खाली होने से बिगड़ते हालातों को मद्देनजर रखते हुए एसडीएम कटारे द्वारा नगर पटवारी रवि शंकर बंजारा को साथ लेकर रामपुर रोड़ पर अलखिया खोह के पास राजस्व की खाली पड़ी भूमि का चयन कर सीघ्र ही साफ सफाई कर ट्रांसपोर्ट नगर की रूप रेखा तय करने के निर्देश प्रदान किये नगर में लावारिस गौ-वंशो को नगर से बाहर रखने के लिए रामपुर रोड़ गौ शाला के पास खाली पड़ी चरनोई भूमि का चयन किया, राधामाधव गौ शाला के पास ही वृद्ध आश्रम के लिए चिन्हित जगह में वृद्ध आश्रम के निर्माण कराए जाने के विषय में भी कहा गया उन्होंने कहा कि जल्द ही रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक भी बुलाई जाएगी इसमें यह निर्णय लिया जाएगा इस दौरान एसडीएम कटारे ने गौ शाला में गौ- वंशो को चारा भी खिलाया।

### ग्वालियर व्यापार मेला 25 दिसम्बर से 25 फरवरी तक लगेगा

## मेले की तैयारियों के संबंध में संभागीय आयुक्त एवं एडीजीपी ने अधिकारियों की बैठक लेकर दिए दिशा-निर्देश

**ग्वालियर** ।श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष 25 दिसम्बर 2023 से 25 फरवरी 2024 तक मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले की व्यवस्थाओं को लेकर संभागीय आयुक्त दीपक सिंह एवं एडीजीपी डी श्रीनिवास वर्मा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर मेले की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्वालियर व्यापार मेला के आयोजन के संबंध में संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, प्रभारी कलेक्टर श्रीमती अंजू अरूण कुमार, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, सीईओ जिला पंचायत विवेक कुमार, एडीएम टी एन सिंह, मेला सचिव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने कहा कि मेला आयोजन से पूर्व मेले की साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था एवं पेयजल की व्यवस्था चाक-चौबंद कर ली जाए। इसके साथ ही मेले में लगने वाले झूलों की सुरक्षा के संबंध में भी पुख्ता प्रबंध किए जाएँ। मेले के दौरान अस्थायी चिकित्सालय एवं एम्बूलेंस की व्यवस्था हो। इसके साथ ही फायरब्रिगेड की व्यवस्था भी रखी जाए। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने बैठक में कहा कि मेला परिसर में अस्थायी अतिक्रमण को हटाने के लिये अभियान चलाकर कार्य किया जाए। इसके लिए एसडीएम, एडिशनल एसपी एवं अपर आयुक्त नगर निगम संयुक्त रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करें। कानून व्यवस्था के संबंध में भी पुलिस अधीक्षक से समन्वय स्थापित कर मेले के दौरान सुरक्षा और पार्किंग के पुख्ता प्रबंध किए जाएँ। बैठक में यह भी तय किया गया कि फायरब्रिगेड की उपलब्धता के एवज में नगर निगम को और सुरक्षा व्यवस्था के एवज में पुलिस वेलफेयर में मेला प्राधिकरण दो लाख रूपए की धनराशि उपलब्ध कराए। बैठक में यह भी तय किया गया कि विभागीय प्रदर्शनियों के लिये सीईओ जिला पंचायत की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर संबंधित विभागों को समय रहते प्रदर्शनी लगाने के निर्देश दिए जाएँ। जिला प्रशासन की ओर से मेला अवधि में मजिस्ट्रियल अधिकारियों की तैनाती भी सुनिश्चित की जाए। एडीजीपी डी श्रीनिवास वर्मा ने कहा कि ग्वालियर व्यापार मेले में ब?ी संख्या में सैलानी आते हैं। सैलानियों की सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएँ। इसके साथ ही अग्नि दुर्घटना की रोकथाम के लिये भी पुख्ता प्रबंध हों। उन्होंने सैलानियों के लिये पार्किंग की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

**मेले में भव्यता से आयोजित हों सांस्कृतिक कार्यक्रम** -ग्वालियर व्यापार मेले में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी समय रहते तय करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भव्यता से करने की बात भी कही गई। स्थानीय कलाकारों को भी मेले में अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत करने हेतु मंच एवं सुविधाएँ उपलब्ध कराएँ।

### रिक्शा-रन14 दिसम्बर को ग्वालियर आएगी

## 36 रिक्शों पर सवार होकर चित्रकूट से आ रहे है 108 सेवाभावी नागरिक प्रबुद्धजन

**ग्वालियर।**मानव सेवा, सामाजिक सदभाव और राष्ट्रीय एकता के पुनीत उद्देश्य को लेकर 14 दिसम्बर को रिक्शा-रन ग्वालियर पहुँचेगी। तीन दर्जन ऑटो रिक्शों में सवार होकर लगभग 108 सेवाभावी नागरिक एवं प्रबुद्धजन रिक्शा-रन के तहत ग्वालियर आएँगे।रिक्शा-रन 10 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक आयोजित हो रही है। चित्रकूट से रवाना हुई रिक्शा-रन 14 दिसम्बर को सिटी ऑफ म्यूजिक ग्वालियर पहुँचेगी। यह रिक्शा-रन 23 दिसम्बर को भुज पहुँचेगी। ग्वालियर प्रवास के दौरान रिक्शा-रन लाल टिपारा गौशाला जाएगी। इसके अलावा कंपू क्षेत्र में भी जाएगी। ग्वालियर प्रवास के दौरान रिक्शा-रन में शामिल सेवाभावी नागरिक प्रबुद्धजनों से बाल भवन में दोपहर 3.30 बजे संवाद भी करेंगे। सेवाभारती के छात्रावास का अवलोकन करने भी रिक्शा-रन पहुँचेगी।

# शिवाजी पब्लिक स्कूल परिसर प्रांगण में बच्चों ने लगाया बाल मेला अभिभावकों और शिक्षकों ने की खरीदारी






**दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर पहलवान सिंह राजावत**

**भिंड ग्वालियर** मालनपुर सीमा स्थित शिवाजी पब्लिक स्कूल में बच्चों आत्मनिर्भर बनाने के लिए बाल में मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया स्कूल प्रांगण की सजावट कर बाल मेला लगाया गया इस मेले में विभिन्न प्रकार की सामग्री बेचने की स्टाल लगाए गए जिन्हें देखकर लोग प्रभावित भी हुए हैं स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने बताया है कि आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से इस बाल मेले का आयोजन किया गया इस मेले में नन्हे मुन्ने बच्चों ने स्टोल लगाकर बाल मेले का आयोजन किया स्कूल प्राचार्य नेहा सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि हर बर्ष 14 नंबर जवाहरलाल नेहरू जी के जन्म दिवस पर लगाते थे लेकिन इस वर्ष दीपावली की छुट्टी होने से आज बाल मेला लगाया गया है स्कूल संचालक ने बच्चो को मेले में खरीदी के लिए कुछ राशि का भी वितरण किया जिससे बच्चे आत्मनिर्भर बने और आगे कुछ कर दिखाएं मेले का आयोजन पत्रकारों द्वारा फीता काटकर किया एवं स्कूल संचालक भी मौजूद रहे

**बाल मेले में विभिन्न प्रकार की कार्यक्रम किए गए**–बाल मेले में बच्चों ने स्लॉट में चार्ट, पेटीज, बर्गर, पानी के वतासे से चाऊमीन समोसे, फल, कोल्ड ड्रिंक, चिप्स,उवले हूए चने, छोले भटूरे,वेल पुरी, आदि की स्टोर लगे इसमें अभिभावकों और शिक्षकों ने खरीदारी की इस मेले में शिवाजी पब्लिक स्कूल किस तरह से स्टॉप मौजूद रहा स्टाफ अर्जुन सर, अनूप त्यागी, नेहा सिंह, राखी मुदगल, पूजा भदौरिया, रचना झा, विवेक कौरव, सुनील सर, प्रिया जैन, नैंसी जैन, लक्ष्मी भदकारिया, आरती घोषी, सुमन लता, राजेश सर, प्रीति जादौन, रितु तिवारी, आरती शर्मा, सुभाषी गोयल, खुशी तोमर, लता झा आदि का सहयोग रहा

## दतिया के ग्राम बिलहारी मैं लाडो रतन हॉस्पिटल के द्वारा निशुल्क परामर्श एवं स्वास्थ्य शिविर लगाया गया ग्रामीण के लोगों की उमड़ी भीड़



**संदीप प्रधान उप संपादक दैनिक पुष्पांजलि टुडे**

ग्रामीणों को जब पता चला की निशुल्क शिविर लगाया गया तो लोगों की उमड़ी भीड़ लोगों ने निशुल्क अपनी अपनी बीमारियों का कराया इलाज और जांच डॉक्टर ने बताया कि ग्रामीणों के गरीब परिवारों का किया जाएगा निशुल्क इलाज



# सुभाष पांडे बने भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय सचिव



**भोपाल।** गत दिन भारतीय पत्रकार संघ (एआईजे) की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक मुंबई में संपन्न हुई। बैठक में संपूर्ण भारत के सैकड़ो पत्रकार शामिल हुए। कार्यक्रम उपरांत मध्यप्रदेश जबलपुर के सुभाष पांडे पत्रकार को राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सेन द्वारा राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर देश और मध्यप्रदेश के अनेक पत्रकारों ने उन्हें बधाइयां प्रेषित की हैं। श्री पांडे ने बताया है कि संगठन को मजबूत करने के लिए वह शीघ्र ही प्रदेश का दौरा करेंगे।

## रामदेव प्रार्थना मंदिर में रामलाल सेंणचा का किया बहुमान

**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**



बेंगलूरू। मागड़ी रोड़ अग्रहारा दासरहल्ली स्थित रामदेव प्रार्थना मंदिर में बुधवार को सीरवी समाज योगमाया मंदिर उज्जैन ट्रस्ट के अध्यक्ष रामलाल सेंणचा का रामदेव मंदिर के सरक्षंक इन्द्रलाल सोलंकी अध्यक्ष चेतन सीरवी,उपाध्यक्ष वेनाराम सीरवी, दीपक राठौड़ ने राजस्थानी परंपरागत शॉल ओढ़ाकर माला व प्रतिक चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। सर्वप्रथम समाजसेवी रामलाल सेंणचा ने मंदिर में लोकदेवता बाबा रामदेव के चरणों में पुष्प अर्पित कर दर्शन किए। दक्षिण भारत दौरे पर आए बेंगलूरू प्रवास पर रामलाल सेंणचा ने समाज की राष्ट्रीय संस्थानों के विकास सहित कई मुद्दो को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। इन्द्रलाल सोलंकी ने बताया की रामलाल सेंणचा समाज की कई राष्ट्रीय संस्थाओं से जुडे हुए है समाज सेवा के लिए तत्पर रहते है और प्रर्यावरण प्रेमी है

# प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यापार वालों को लाभप्रद

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

**केन्द्र प्रवर्तित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में शहरों में सड़कों के किनारे छोटे-मोटे काम धंधे करने वालों को बिना किसी गारंटी के 10 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना में प्रदेश सरकार द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स को बिना किसी ब्याज के 10 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी मिल रही है। योजना का लाभ लेने के लिए प्रत्येक हितग्राही को डिजिटल ट्रांजेक्शन से जोड़ने के लिए यूपीआई-आईईडी और यूआर कोड उपलब्ध कराया गया है। डिजिटल ट्रांजेक्शन पर प्रतिवर्ष 1200 रूपए की अतिरिक्त राशि दी जाती है। अगर हितग्राही द्वारा समय पर ऋण चुका दिया जाता है तो उसे वर्ष में 20 हजार रूपए की कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराई जाती है। जैसे-जैसे स्ट्रीड वेंडर अपना कार्य आगे बड़ायेंगे वैसे ही उनको मदद बड़ती जाएगी और वे आत्म निर्भर होते चले जाएंगे।**

# महेश्वर किले एवं देवी अहिल्या बाई की छवि को हैंडलूम द्वारा पहली बार संत कबीर बुनकर अवार्ड से पुरस्कृत मास्टर बुनकर श्री मो. आरीफ खान द्वारा उकेरा गया

**खरगोन जिले मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे**

महेश्वर नर्मदा तट पर बस हुआ एक प्राचीन धार्मिक स्थान है, जो अपने सुरम्य घाट, नर्मदा नदी, मंदिरों एवं किले के लिए प्रसिद्ध है। यहाँ के मंदिर एवं घाट में पत्थरों पर उत्कीर्ण सुन्दर कला कृतियाँ संस्कृति, सभ्यता के परिचय के साथ ही हैंडलूम इंडस्ट्री के लिए भी डिजाईन हेतु प्रेरणा का कार्य करती है। महेश्वर की हैंडलूम इंडस्ट्री एवं हथकरघा पर बुनी हुई साड़ीयां विश्व प्रसिद्ध है। महेश्वर के परंपरागत बुनकर 17 वीं शताब्दी से सुन्दर डिजाईन में साड़ी, पगड़ी, गमछा, शाल, ड्रेस मटेरियल एवं कपडे बुनते आ रहे है।महेश्वर की इसी परम्परा को अनवरत रखते हुए यहाँ के बुनकर लगातार नए नए प्रयोग हैंडलूम में करते रहते है। इसी तारतम्य में महेश्वर के संत कबीर अवार्ड से पुरस्कृत मास्टर बुनकर मोहम्मद आरीफ



खान ने अभिनव प्रयोग करते हुए हथकरघे पर महेश्वरी हैंडलूम इंडस्ट्री के इतिहास में पहली बार महेश्वर किले एवं देवी अहिल्या बाई की छवि को वाल हैंगिंग में उकेरा है।मोहम्मद आरीफ खान एक परंपरागत बुनकर है जो विगत 20 वर्षों से बुनाई कर रहे है। वे निरंतर नया काम करने के इच्छुक रहते है एवं नई डिजाईनों को हथकरघे के माध्यम से विभिन्न उत्पादों जैसे साड़ी, दुपट्टा, वाल हैंगिंग आदि पर उतारने को चुनौती की तरह लेते है।इस वाल हैंगिंग में मो. आरीफ खान ने लाल रंग के 2/120 नंबर के मर्सराइज्ड कॉटन का उपयोग ताने एवं बाने में किया है। मीनाकारी के लिए पीले रंग के धागे का उपयोग किया गया है जिसको हाथ से एक एक करके बुना गया है। इस वाल हैंगिंग के ग्राफ को बनाने में 3 महीने का समय लगा है एवं बुनाई में 15 दिन का समय लगा है। इस खुबसूरत वाल हैंगिंग का साइड़ 24 इंच लम्बाई एवं 12 इंच चौड़ड़

## पंचायत उप निर्वाचन 2023 हेतु रिटर्निंग आफीसर एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर नियुक्त

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2023 में सरपंच एवं पंच पद के निर्वाचन हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर नियुक्त किये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत सोहावल में पंच पद के नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए प्रभारी अधीक्षक मुन्ना तिवारी को रिटर्निंग एवं प्रभारी तहसीलदार सौरभ द्विवेदी को सहायक रिटर्निंग, जनपद पंचायत मझगवां में पंच पद हेतु तहसीलदार जीतेन्द्र तिवारी को रिटर्निंग एवं नायब तहसीलदार हिमांशु शुक्ला को सहायक रिटर्निंग अधिकारी, जनपद पंचायत रामपुर बाघेलान में पंच पद हेतु प्रभारी तहसीलदार राय सिंह कुशराम को रिटर्निंग एवं नायब तहसीलदार ललन सिंह को सहायक रिटर्निंग, जनपद पंचायत नागौद में पंच एवं सरपंच पद हेतु प्रभारी तहसीलदार सौरभ मिश्रा को एवं नायब तहसीलदार यादवेन्द्रमणि त्रिपाठी को सहायक रिटर्निंग तथा जनपद पंचायत उचेहरा में पंच, सरपंच पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने के लिए प्रभारी तहसीलदार श्रीमती मीनाक्षी जायसवाल को रिटर्निंग एवं उपयंत्री आरईएस राकेश ताम्रकार को सहायक रिटर्निंग आफीसर नियुक्त किया गया है। पंच, सरपंच पद हेतु नाम निर्देशन संबंधित जनपद पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेंगे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा–जनपद एवं निकाय स्तरीय समितियां गठित

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना सतना जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत स्तरीय क्रियान्वयन समितियां और नगरीय क्षेत्र में निकायवार क्रियान्वयन समितियां गठित कर दी है। कलेक्टर अनुराग वर्मा द्वारा जारी आदेशानुसार जनपद स्तरीय समितियों में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अध्यक्ष, संबंधित जनपद के सीईओ को सदस्य, सचिव, संबंधित अनुभाग के एसडीओ कृषि सदस्य तथा सभी विभागों के जनपद स्तरीय विभागीय प्रमुख अधिकारी इन समितियों के सदस्य होंगे। नगरीय क्षेत्रों में नगर परिषद, नगर पालिका स्तर पर अभियान के क्रियान्वयन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सदस्य सचिव, एसडीओ कृषि को सदस्य तथा सभी खंड स्तर के विभाग प्रमुख अधिकारियों को क्रियान्वयन समिति में सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार ग्राम स्तरीय क्रियान्वयन समिति में संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच अध्यक्ष होंगे। ग्राम पंचायत सचिव, सदस्य सचिव तथा ग्राम पंचायत स्तर के सभी अधिकारी-कर्मचारी इस समिति के सदस्य होंगे।

नगर निगम की समिति में कलेक्टर स्वयं अध्यक्ष होंगेजिले



में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर अनुराग वर्मा ने नगर निगम स्तर पर भी क्रियान्वयन समिति का गठन किया है। इसके अनुसार कलेक्टर अनुराग वर्मा समिति में अध्यक्ष तथा आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत सदस्य सचिव होंगे। समिति में अपर कलेक्टर ऋषि पवार और सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे।

**जिला स्तरीय समिति में सीईओ जिला पंचायत सदस्य सचिव होंगे**- सतना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिला स्तरीय समिति भी गठित की है। जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति में सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झाडे सदस्य सचिव होंगे। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर अनुराग वर्मा होंगे। समिति के सदस्यों में अपर कलेक्टर ऋषि पवार, एसडीएम गौतम शर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी परमित कौर तथा समस्त विभागों के जिला अधिकारी सदस्य होंगे। यह समिति संपूर्ण जिले में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी होगी।

**सभी विभागों को सहभागिता के निर्देश**- कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सतना जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और सफलतापूर्वक अभियान के क्रियान्वयन करने के निर्देश समस्त विभाग प्रमुख अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, सीईओ जनपद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद, नगर पालिका एवं आयुक्त नगर निगम को भी पत्र लिखकर शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियान को सफल बनाने की निर्देश दिए हैं।

# जेबीएन सदस्य विकास के सफर के सारथी–प्रमोद बाफनाप्र



**दैनिक पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू ।** व्यवसाय की गला काट प्रतिस्पर्धा में व्यापारिक उन्नति तथा अर्थ के लोभ में आज का व्यवसायी व्यवसायिक सामंजस्य व मर्यादाओं को भूलता जा रहा है और कभी कभी तो व्यापारी को मानसिक तनावों से भी गुजरना पड़ता है। ऐसे समय में भी जीतो के जेबीएन समूह अपने साथी सदस्य के व्यवसायिक सफर में सारथी की भूमिका निभाते है। यह बात जीतो बेंगलुरू नॉर्थ के सचिव व जेबीएन संयोजक प्रमोद बाफना ने जेबीएन टाइकूंस की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि साथी सदस्यों की व्यवसायिक प्रगति की प्रतिबद्धता से आकर्षित होकर निरंतर रूप से व्यवसायी जेबीएन से जुड़ते जा रहे है और विशेष रूप से युवाओं में जेबीएन से जुड़ने का आकर्षण ज्यादा है।

# थाना मेनगाँव की मोबाईल टावरों पर लगे एवं शासकीय कार्य हेतु लगे जनरेटर को चुराने वाली गैंग के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

## मुखबीर सूचना पर जनरेटर चुराने वाली गैंग के 07 सदस्य गिरफ्तार ,चोरी के कुल 03 जनरेटर पुलिस द्वारा जप्त ,जप्त जनरेटरों की अनुमानित कीमत लगभग 06 लाख रुपये,घटना मे प्रयुक्त एक आइसर व एक ट्रेक्टर सहित 407 चार पहिया वाहन भी जप्त

खरगोन जिले से मुन्ना खान पुष्पांजलि टुडे

### कुल जप्तशुदा मशरुके की अनुमानित कीमत 21 लाख रुपये

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता जी एवं उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री चन्द्रशेखर सोलंकी जी द्वारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा प्रथक से अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) श्री तरूणेन्द्रसिंह बघेल, अति.पुलिस अधीक्षक



(ग्रामीण) श्री मनोहरसिंह बारीया के नेतृत्व मे समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसी तारतम्य मे थाना मेनगाँव द्वारा चोरी करने वाली गैंग के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** – दिनांक 26.11.23 को थाना मेनगाँव पर फरियादी सिद्धार्थ पिता नागोराव देशभ्रतार जाति महार उम्र 55 साल निवासी राजहर्ष कालोनी कोलार रोड भोपाल द्वारा रिपोर्ट की गई की सुखपुरी मेला ग्राउण्ड बोरवेल पम्प टेस्टीग के लिये 32चक्क किलोस्कर कम्पनी का जनरेटर रखा था जो किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चुरा लिया गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से अपराध पंजीबद्ध कर अनुसंधान मे लिया गया। प्रकरण को गंभीरत से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अनुविभागी अधिकारी खरगोन के नेतृत्व मे विशेष पुलिस टीम का गठन कर आरोपियों की गिरड्तारी हेतु लगाया गया। जिसके परिणामस्वरूप गठित टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर से जनरेटर चुराने वाली गैंग के कुल 07 सदस्य ग्राम तलकपुरा से घेराबंदी कर पकडा व चोरी जनरेटर के संबंध मे सभी से अलग- अलग मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई तो गैंग के द्वारा जनरेटेर चोरी करना स्वीकार किया गया।

प्रकरण मे आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमान्ड लेकर आरोपियों के कब्जे से चोरी के अन्य जनरेटर व घटना मे प्रयुक्त आइसर गाड़ी, ट्रेक्टर सहित एक 407 चार पहिया वाहन जप्त किया गया। आरोपियों के आपराधिक रेकॉर्ड को भी प्रथक से निकाला जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी**

1.प्रकाश पिता काशीराम चौहान जाति भिलाला उम्र 28 साल निवासी ढाटापुरा थाना ऊन जिला खरगोन
2.निरज पिता आत्माराम पंवार जाति भिलाला उम्र 19 साल निवासी तलकपुरा थाना ऊन जिला खरगोन
3.धर्मेन्द्र पिता डोगरसिंह मुजाल्दे जाति भिलाला उम्र 18 साल निवासी बिरला थाना ऊन जिला खरगोन
4.अशोक पिता हिरालाल आरचे जाति भिलाला उम्र 23 साल नि. तलकपुरा थाना ऊन जिला खरगोन

# प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की उपस्थिति में आज राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने श्री राजेन्द्र शुक्ल को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई

## उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल का राजनीतिक सफर



पुष्पांजली टुडे
विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)

रीवा। मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री की घोषणा हो चुकी है। मोहन यादव मध्य प्रदेश के नए मुख्यमंत्री पद की कमान संभालेंगे. वहीं, जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है। राजेंद्र शुक्ल का ताल्लुक मऊगंज के ढेरा से है। उनका राजनीतिक सफर रीवा से ही शुरू हुआ और आज मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री के तौर पर पदस्थ है। उन्होंने अपनी शुरुआत युवा कांग्रेस के पदाधिकारी के रूप में छात्र जीवन से की थी

**पुष्पराज सिंह से हार गए थे पहला चुनाव**– ाजेन्द्र शुक्ला इंजीनियरिंग कॉलेज रीवा में 1986 में छात्र संघ के अध्यक्ष बनाए गए थे। कॉलेज की राजनीति के बाद राजेंद्र शुक्ला बीजेपी में शामिल हो गए. वर्ष 1998 में कांग्रेस सरकार में मंत्री रीवा रियासत के राजा पुष्पराज सिंह के खिलाफ चुनाव लड़कर सक्रिय रूप से राजनीति की शुरुआत कर दी पर तब उन्हें 1394 वोटो से हार का सामना करना पड़ा था

**दूसरी बार में बना दिया रिकॉर्ड**–लेकिन साल 2003 में फिर पार्टी ने उन्हें रीवा विधानसभा सीट से टिकट दिया इस बार उन्होंने 56000 वोट से कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे पुष्पराज सिंह को हरा दिया था। पूरे मध्यप्रदेश में 56000 वोटो से चुनाव जीतने वाले युवा विधायक के रूप में भी राजेंद्र शुक्ल ने पहचान बनाई थी. यही कारण था कि, उन्हें साल 2003 में ही मध्य प्रदेश सरकार में आवास पर्यावरण एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिया गया था

**5वीं बार बने विधायकचार बार रह चुके मंत्री**राजेंद्र शुक्ला मंत्रिमंडल में भी एक रिकॉर्ड बना चुके हैं। 2003 में पहली बार रीवा से जीत दर्ज कर विधानसभा पहुंचे पर उन्हें उमा भारती की सरकार में आवास पर्यावरण एवं राज्य मंत्री का पद दिया गया और मंत्रिमंडल में शामिल किया गया 2008 में वह रीवा से दूसरी बार चुनाव जीत गए और इस बार भी उन्हें ऊर्जा और खनिज संसाधन मंत्री बनाया गया. 2013 में तीसरी बार चुनाव जीते और इस जीत के साथ उन्होंने हैट्रिक लगा दी। इसके



बाद उन्हें उद्योग नीति और निवेश संवर्धन मंत्री बनाया गया था। 2018 में वह चौथी बार तथा 2023 में पांचवीं बार विधानसभा चुनाव जीते वर्तमान में वह मध्य प्रदेश सरकार में जनसंपर्क मंत्री के रूप में थे**ऐसा रहा छात्र जीवन**– रीवा से अलग हुए मऊगंज के ऊंची ढेरा गांव में अपने पुश्तैनी निवासी राजेन्द्र शुक्ला मशहूर संविदाकर भैया लाल शुक्ल के बेटे हैं। राजेंद्र शुक्ल के भाई विनोद शुक्ला कांग्रेस नेता है. आठवीं तक राजेंद्र शुक्ल ने रीवा के पीके स्कूल में पढ़ाई की तथा 9वी से 12वीं तक की पढ़ाई उन्होंने शहर के मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल से की जिसके बाद रीवा के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज से उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री ली. ये कहानी थीं विंध्य के इकलौते उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के सफर की।

# नहर में गिरा पिकअप बाल-बाल बचा चालक



पुष्पांजली टुडे

रीवा। रायपुर कर्चुलियान खंड अंतर्गत सगरा की नहर में एक पिकअप वाहन आज अचानक अनियत्रित होकर घुस गया। चालक ने अपनी सूझबूझ से तैर कर अपनी जान बचाई। बताया गया है कि पिकअप वहां पर पाइप लगी हुई थी जो नहर के किनारे किनारे जा रहा था और अनियंत्रित होकर अचानक से नहर में घुस गया इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है मौके पर पहुंची पुलिस पिकअप वाहन को बाहर निकलने का प्रयास कर रही है।

# योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति के लिये तत्परता बरतें - कलेक्टर मऊगंज

**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मऊगंज में कलेक्टर श्री अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति में तत्परता बरतें तथा पात्र हितग्राहियों को योजना का अनिवार्यतः लाभ दिलायें। उन्होंने कहा कि आगामी मार्च माह के पहले पखवड़े में लोकसभा निर्वाचन की आचार संहिता प्रभावशील होने की संभावना है अतः अभियान चलाकर योजनाओं का लाभ संबंधित पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने यात्रा के दौरान केन्द्र व राज्य शासन की



विभागीय योजनाओं के छूटे हुए हितग्राहियों को लाभ दिलाये जाने तथा लाभ प्राप्त कर चुके हितग्राहियों के अनुभव साझा करने की बात कही। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान ग्राम सभा का आयोजन होगा तथा योजनाओं के लिये हितग्राहियों से आवेदन भी लिये जायेंगे। कलेक्टर ने जानकारी दी कि यात्रा की तैयारियों अंतिम चरण में है रूट चार्ट तैयार किया जा चुका है तथा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में यात्रा का आयोजन होगा। कलेक्टर ने बताया कि जिले में सड़क से गौमाता को घर ले आने का जो अभियान संचालित किया जा रहा था उसे पुनः प्रारंभ कर गति दी जायेगी ताकि बेसहारा गौवंश की रक्षा हो सके। इस अभियान में सभी से सहभागिता की अपेक्षा उन्होंने की। बैठक के दौरान एसडीएम मऊगंज बीके पाण्डेय, एसडीएम हनुमना राजेश मेहता सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर मऊगंज ने चार अधिकारियों को दिया नोटिस

रीवा। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने 13 दिसम्बर को आयोजित टीएल पत्रों की समीक्षा बैठक से बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले चार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया है। जारी अलग-अलग नोटिस में कहा गया है कि साप्ताहिक समीक्षा बैठक से बिना सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहना अनुसाशनहीनता तथा स्वैच्छाचारिता का प्रतीक है। इसे गंभीर कदाचरण मानते हुए मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के तहत कारण बताओ नोटिस दिया जा रहा है। नोटिस का तीन दिन की समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्राप्त न होने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बीईओ हनुमना रामदेव वर्मा, बीआरसी हनुमना प्रमोद पाण्डेय, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नईगड़ी हेमंत त्रिपाठी तथा बीआरसी मऊगंज शिवकुमार रजक को नोटिस दिया है।

# राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई एवं ब्लॉक इकाई मऊगंज की मासिक बैठक दोपहर 1:00 बजे संपन्न हुई जिसमें कई समस्याओं पर चर्चा की गई एवं कलेक्टर साहब को ज्ञापन दिया गया





दैनिक पुष्पांजलि टुडे
पुष्पेंद्र सिंह सेंगर
जिला ब्यूरो चीफ मऊगंज

सेवा सहकारी समिति पाडर , नौढीया , लौर खरीदी केंद्र उपार्जन स्थान यथावत रखे जाने बाबत

उपरोक्त विषय अंतर्गत निम्नलिखित बिंदुओं के आधार पर पूर्व खरीदी केंद्र को यथावत रखा जाए

(1) यह कि विगत कई वर्षों से पाडर , नौढीया, लौर खरीदी केंद्र धान उपार्जन हेतु

(2) यह कि उक्त खरीदी केंद्र में कोई भी अनियमितता नहीं है

(3) यह कि उपरोक्त खरीदी केंद्र अभी तक चालू नहीं हुई शीघ्र पूर्व स्थान पर चालू किया जाए

(4) यह कि किसानों की सुविधा अनुसार धान उपार्जन यथावत रखा जाए

कलेक्टर महोदय से अनुरोध है कि उपरोक्त बिंदुओं को अपने संज्ञान में लेते हुए पूर्व स्थान में धान उपार्जन खरीदी केंद्र चालू कराया जाए किसानों के हित में होगा

अतः कलेक्टर महोदय द्वारा नौढीया , लौर , पाडर खरीदी केंद्र यथावत करने का तथा शीघ्र चालू करने का आश्वासन दिया गया

उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य गण

(1) नरेंद्र सिंह सेगर जिला अध्यक्ष
(2) गिरीश पटेल महामंत्री
(3) दीनानाथ मिश्रा जी संरक्षक
(4) राकेश रतन सिंह मार्गदर्शन
(5) देवेंद्र मिश्रा जिला उपाध्यक्ष
(6) राज नारायण पटेल
(7) राम उजागर पटेल ब्लॉक अध्यक्ष
(8) बृज किशोर पटेल उपाध्यक्ष
(9) रामायण प्रसाद पांडे
(10) निलेश पांडे
(11) शेषमणि पटेल
(12) पंकज सिंह किसान संघ मीडिया प्रभारी

जय जवान जय किसान जय बलराम

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के डाटा इंट्री संबंधी प्रशिक्षण संपन्न

# यात्रा के पूर्व तैयारियों व यात्रा के दौरान डाटा इंट्री सावधानी से करें - प्रभारी कलेक्टर

पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के डाटा इंट्री के संबंध में प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि संकल्प यात्रा के पूर्व की गतिविधियों व तैयारियों एवं जानकारियों के अतिरिक्त यात्रा के दौरान सजीव गतिविधियों की इंट्री पोर्टल में की जायेगी इसमें पूरी सावधानी व सजगता बरतें तथा दिये गये सभी बिन्दुओं की जानकारी फीड करें। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी कलेक्टर ने निर्देश दिये कि यात्रा के रूट चार्ट अनुसार संबंधित ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन हो तथा प्रत्येक दिवस की भ्रमण की सभी फीडिंग की जाय। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम रोजगार सहायक व यात्रा फीडिंग कार्य में संबद्ध कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। विकसित भारत संकल्प यात्रा की डाटा



इंट्री से संबंधित आवश्यक जानकारियों का जिला सूचना अधिकारी मनीष पटेल ने विस्तार से प्रस्तुतीकरण किया तथा फीड की जाने वाली जानकारियों के बारे में बताया। उल्लेखनीय है कि यात्रा के दौरान आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है ।इसी तरह अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्ज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जायेगा। बैठक में सहायक कलेक्टर सोनाली देव, सभी एसडीएम जनपद के सीईओ, नगर परिषदों के सीएमओ तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उपादान अन्तर्गत 16 लाख रूपये से अधिक की राशि का किया गया भुगतान

पुष्पांजली टुडे

**रीवा। श्रम विभाग द्वारा उपादान भुगतान अधिनियम के तहत 4 प्रकरणों में 16 लाख 29 हजार 654 रूपये का भुगतान किया गया। श्रम कार्यालय में श्रम पदाधिकारी मनोज मिश्रा ने हितग्राहियों को राशि के चेक वितरित किये। उल्लेखनीय है कि रश्मि जैन पति राकेश जैन को 4 लाख 40 हजार 963 रूपये, सुनीता मनराव पति विनोद कुमार मनराव को 4 लाख 93 हजार 673 रूपये, रूबी चंद्रा पति शशि चन्द्रा को 5 लाख 27 हजार 538 रूपये तथा रश्मि खरे पति प्रदीप खरे को 2 लाख 67 हजार 480 रूपयों का भुगतान किया गया। उपरोक्त प्रकरणों में अनावेदन संस्थान जय ज्योति स्कूल जेपी नगर द्वारा भुगतान कराया गया।**

# नेशनल हाईवे 39 रीवा सीधी रोड में प्रतिदिन आर टी ओ के गुर्गे लगा रहे वाहन चेकिंग और वसूल रहे राशि



पुष्पांजली टुडे

रीवा। आपको बता दे कि विगत दो महीने से आर टी ओं रीवा के गुर्गों द्वारा भोर तीन बजे तड़के से लेकर सुबह 7 बजे तक प्रतिदिन गुढ भैरब बाबा बाईपास से लेकर बदवार बाईपास तक चेकिंग लगा कर ट्रक चालको से जम कर अबैध वसूली करते देखने को मिल रहे हैं आपको यह जानकर हैरानी होगी कि 200 रु. से लेकर 5 हजार रू. तक प्रति वाहनो से वसूली किया जा रहा है इस तरह की वसूली करने का अधिकार इन कर्मचारियों को किसने दिया यह पूछे जाने पर सभी ट्रको को भगाया गया और सफेद रंग की टाटा सूमो क्रमांक स्क्ष17 ष्ष्ट 25ह्5 जिसमें आगे आर टी ओं रीवा लिखा हुआ था उसमे सवार होकर सभी रीवा की ओर निकल लिए इस ओर जिला प्रशासन जागृत हो और इनके ऊपर कार्यवाही की जाय।

# लंबित राजस्व की वसूली के विशेष प्रयास करें : कमिनर

पुष्पांजली टुडे

रीवा।. कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने आबकारी विभाग से राजस्व वसूली की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित राजस्व वसूली की शत-प्रतिशत पूर्ति करें। इसके साथ-साथ संभाग के सभी जिलों में पुलिस एवं राजस्व प्रशासन से समन्वय बनाकर शराब की अवैध बिक्री पर कड़ी कार्यवाही करें। शराब के अवैध परिवहन में लिप्त वाहनों को राजसात कराएं। रीवा तथा सीधी लक्ष्य से कम




वसूली का कारण स्पष्ट करें। गत वर्ष की तुलना में शराब बिक्री से प्राप्त होने वाले राजस्व में संभाग में 6.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। उपायुक्त आबकारी इस संबंध में विश्लेषणात्मक जानकारी प्रस्तुत करें। कमिश्नर ने कहा किसभी जिलों में गत वर्षों की करोड़ो रुपए की वसूली शेष है। अभियान चलाकर लंबित राशि वसूल कराएं। संभागीय समीक्षा बैठक में वसूली के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। जो प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं उनमें स्टे समाप्त करने तथा शेष प्रकरणों की लंबित राशि के वसूली के विशेष प्रयास करें। कम्पोजिट दुकान खुलने के बाद देशी और विदेशी शराब की बिक्री में कमी अथवा वृद्धि के संबंध में उपायुक्त आबकारी विश्लेषण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही विभाग से राजस्व प्राप्ति तथा शराब के अवैध व्यापार पर की गई कार्यवाही की नियमित समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में उपायुक्त आलोक खरे ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में संभाग के सभी जिलों में राजस्व की वसूली वर्ष के अंत तक शत-प्रतिशत हो जाएगी। कम्पोजिट दुकान खुलने के बाद सतना और रीवा जिले में देशी मदिरा की बिक्री में कमी आई है। जबकि विदेशी मदिरा और बियर की बिक्री में वृद्धि हुई है। सीधी और सिंगरौली जिले में शराब की बिक्री में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। संभाग के सभी जिलों में इस वित्तीय वर्ष के लिए 229 कम्पोजिट दुकानों के लाइसेंस जारी किए जा चुके हैं। शराब की अवैध बिक्री तथा परिवहन के विरूद्ध अभियान चलाया जाएगा। बैठक में संयुक्त आयुक्त निलेश परीख, सहायक आयुक्त आबकारी रीवा अनिल जैन, उप संचालक डीएस सिंह तथा सभी जिलों के आबकारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## चार पहिया वाहनचालक और सवारी को सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य

# दोपहिया वाहनचालक और पीछे बैठने वाले को हेलमेट पहनना अनिवार्य

पुष्पांजली टुडे

**रीवा।** सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस क्रम में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार चार पहिया वाहन के चालक तथा सवारियों को सीटबेल्ट पहनना अनिवार्य किया गया है। इसी तरह दोपहिया वाहन के चालक तथा साथ में बैठने वाले को हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि सभी वाहन चालक माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए स्कूटर, मोटरसाइकिल, स्कूटी आदि चलाते समय चालक तथा पीछे बैठने वाला दोनों व्यक्ति हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें। इसी तरह चार पहिया वाहन के चालक तथा उसमें बैठने वाले सीटबेल्ट अवश्य लगाएं। वाहन दुर्घटनाएं रोकने तथा दुर्घटना के कारण असमय होने वाली मौत को रोकने के लिए माननीय उच्च न्यायालय द्वारा निर्देश दिए गए हैं। रीवा जिले में यातायात पुलिस 20 नवम्बर से आगामी 10 जनवरी तक लगातार 50 दिनों तक विशेष अभियान चला रही है। अभियान के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनने तथा



चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट लगाने की समझाइश दी जा रही है। इसका उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध लगातार चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। सभी दोपहिया तथा चार पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन अनिवार्य रूप से करें। हेलमेट और सीटबेल्ट आपकी सुरक्षा के लिए हैं। इनका उपयोग न करके आप एक ओर अपने जीवन को खतरे में डालते हैं। दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करके दण्ड के भागी बनते हैं। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा पूरी सावधानी बरतें।

**चलाया जा रहा जागरूकता अभियान** – पुलिस विभाग द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इसके साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने की समझाइश दी जा रही है। इस क्रम में गीतांजलि पब्लिक स्कूल तथा आदर्श सरस्वती स्कूल रीवा में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उप निरीक्षक प्रमोद कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी तथा दोपहिया वाहन में चालक और पीछे बैठने वाले दोनों सवारों से हेलमेट पहनने का अनुरोध किया।

संपादकीय

## महंगाई के मोर्चे पर सरकार

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद अब अगले वर्ष लोकसभा चुनावों की तैयारियों में सभी दल लगे हुए हैं। तीन राज्यों में भाजपा की जीत से मोदी सरकार भी काफी उत्साहित है। सरकार का ध्यान इस बात की ओर भी है कि आम चुनावों से पहले महंगाई को किस तरह नियंत्रित किया जाए। सरकारों का यह दायित्व भी है कि आम आदमी को राहत पहुंचाने के लिए हर सम्भव उपाय करें। बाजार पर लगातार नजर रखकर सरकार ने पहले भी कई पग उठाए हैं। सरकार ने अब गेहूं की जमाखोरी रोकने और कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल प्रभाव से थोक और खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसिंग फर्मों के लिए गेहूं का स्टॉक रखने के मानदंडों को सख्त कर दिया है। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए गेहूं के भंडारण की सीमा 2000 टन से घटाकर 1000 टन कर दी है। व्यापारियों को स्टॉक को संशोधित सीमा तक कम करने के लिए 30 दिन का समय दिया गया है। सभी गेहूं स्टॉकिंग संस्थाओं को गेहूं स्टॉक सीमा पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सरकार ने एक बार फिर प्याज की बढ़ती कीमतों को काबू करने के लिए अगले साल मार्च तक प्याज निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है। इससे पहले जून माह में खाद्य मंत्रालय ने अनाज कारोबारियों पर मार्च 2024 तक स्टॉक रखने की सीमा तय की थी। सरकार ने मई 2022 से ही गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके साथ ही मुक्त बाजार बिक्री योजना के तहत थोक उपयोगकर्ताओं को रियायती दर पर गेहूं बेचा जा रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद गेहूं की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। त्यौहारी सीजन में तो इसकी कीमत आठ माह के सबसे उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। गेहूं की कीमतें पिछले 6 महीने में 22 प्रतिशत बढ़ी हैं। व्यापारियों का कहना है कि इंपोर्ट ड्यूटी से खाद्य आयात प्रभावित हो रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार एक अक्टूबर तक सरकारी गेहूं स्टॉक में सिर्फ 24 मिलियन मीट्रिक टन गेहूं भंडार था, जो पिछले पांच वर्षों में औसत 37.6 मिलियन टन से बहुत कम था। केंद्र ने 2023 फसल सीजन में किसानों से 26.2 मिलियन टन गेहूं खरीदा है, जो लक्ष्य 34.15 मिलियन टन से कम है। वहीं, केंद्र सरकार का अनुमान है कि गेहूं उत्पादन 2023–24 फसल सीजन में 112.74 मिलियन मीट्रिक टन होगा। इससे खाद्य पदार्थों की लागत कम होगी। वहीं, लगातार गेहूं के इंपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए आयात शुल्क खत्म करने की भी मांग की जा रही है। अभी सरकार गेहूं पर 40 प्रतिशत इंपोर्ट ड्यूटी लगाती है, जिसके चलते इसका आयात महंगा है। केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की अवधि पांच वर्ष बढ़ाने का निर्णय लिया हुआ है। इस योजना के अन्तर्गत 81.35 करोड़ लोगों को हर महीने पांच किलो अनाज निःशुल्क दिया जाएगा। अगामी पांच वर्षों में इस योजना पर 11.80 लाख करोड़ खर्च होने का अनुमान है। इस योजना में हर वर्ष भारतीय खाद्य निगम राज्यों के सहयोग से 5.5 करोड़ टन से अधिक अनाज का वितरण करता है। खुले बाजार में अनाज की कीमतेंध नियंत्रित रखने में भी खाद्य निगम के भंडार बड़ा योगदान करते हैं। इससे आबादी के उस हिस्से की खाद्य सुरक्षा भी सुनिश्चित रहती है, जिसे खुले बाजार से गेहूं खरीदना पड़ता है। सरकार तभी कम्फरटेबल जोन में होती है जब वह खरीद का टार्गेट पूरा कर लेती है। सरकारी स्टॉक अच्छा न होने की स्थिति में व्यापारी गेहूं के दाम बढ़ा देते हैं। खाद्य निगम ने बाजार में गेहूं उपलब्ध कराने के लिए खुले बाजार में गेहूं बेचने का निर्णय भी लिया हुआ है। जहां तक प्याज का संबंध है, बाजार में उसकी कीमत फिर 70–80 रुपए किलोग्राम तक पहुंच गई है। इससे आम उपभोक्ताओं का बजट बिगड़ने लगा है। सरकार ने एक बार फिर प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया है ताकि लोग प्याज के घलिए आंसू न बहा सकें। सरकार ने समय–समय पर 25 रुपए किलो प्याज उपलब्ध कराने के लिए बफर स्टॉक बेचने का फैसला किया था। सरकार ने प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क भी लगाया था। एक अप्रैल से 4 अगस्त के बीच देश से 9.75 लाख टन का निर्यात किया गया था। खरीफ फसल सत्र में प्याज की खेती के रकबे की कमी की खबरों के बीच इसके दाम फिर बढ़ने लगे हैं। दामों का गणित समझने से पहले हमें खाद्यान्न उत्पादन, खपत और सरकारी खरीद का हिसाब–किताब समझना होगा। रिजर्व बैंक भी महंगाई को नियंत्रित करने के लिए लगातार काम कर रहा है। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि आम आदमी की जेब में बचत के कुछ न कुछ पैसे तो जरूर होने चाहिए। इससे आम आदमी निश्चिंत होकर अपने जीवन के अन्य पक्षों पर ध्यान केन्द्रित कर सकते हैं। अगर महंगाई के चलते वह कुछ नहीं बचा पाता तो फिर वह बाजार में खरीददारी करने कैसे जाएगा। महंगाई के मोर्चे पर सरकार को कुछ ठोस कदम उठाने ही पड़ते हैं। सरकार बाजार पर लगातार निगरानी रख रही है।

# इंडिया गठबन्धन का भविष्य

**आदित्य नारायण**

*इन चुनावों में कांग्रेस केवल तेलंगाना में ही जीती और चार अन्य राज्यों में हारी मगर उसके वोट प्रतिशत में कमी नहीं हुई बल्कि कुछ राज्यों में बढोत्तरी हुई। इसका सीधा मतलब यही निकलता है कि भारत के लोग भाजपा के असली विरोधी के रूप में कांग्रेस को ही मान्यता देते हैं।*

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद यह सवाल बहुत गंभीरता से उठने लगा है कि विपक्षी दलों के बने 'इंडिया गठबन्धन' का भविष्य क्या होगा? तीन हिन्दी भाषी राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी को जो तूफानी जीत हासिल हुई है और लोगों ने बिना किसी मुख्यमन्त्री का चेहरा आगे रखे अपना वोट प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर दिया है उसका असर लोकसभा चुनावों पर क्या होगा? जाहिर है यह सवाल 28 दलों के गठबन्धन 'इंडिया' को भीतर तक प्रभावित कर रहा होगा। अगर हम गौर से देखें तो इस गठबन्धन की सबसे बड़ी ताकत कांग्रेस पार्टी है जो कि भाजपा के बाद देश की एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी है। विडम्बना यह है कि गठबन्धन में शेष सभी पार्टियां छोटे–बड़े क्षेत्रीय दल हैं और आगामी लोकसभा चुनावों में ये सभी दल कांग्रेस की कीमत पर अपनी ताकत बढ़ाना चाहती हैं। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि हाल में सम्पन्न राज्यों के चुनावों में इंडिया गठबन्धन की सदस्य दो पार्टियों समाजवादी पार्टी व आम आदमी पार्टी ने इन राज्यों में अपने प्रत्याशी उतार कर केवल कांग्रेस के वोट ही हजम करना चाहे। मध्य प्रदेश में उत्तर प्रदेश के अखिलेश यादव की पार्टी ने 70 से ज्यादा उम्मीदवार उतारे जबकि 'आप' ने 100 से भी ज्यादा प्रत्याशी इस राज्य में उतारे जबकि आप ने राजस्थान से लेकर मिजोरम तक में भी जोर–आजमाइश में हिस्सा लिया। इन चुनावों में कांग्रेस केवल तेलंगाना में ही जीती और चार अन्य राज्यों में हारी मगर उसके वोट प्रतिशत में कमी नहीं हुई बल्कि कुछ राज्यों में बढोत्तरी हुई। इसका सीधा मतलब यही निकलता है कि भारत के लोग भाजपा के असली विरोधी के रूप में कांग्रेस को ही मान्यता देते हैं। अतः गठबन्धन में कुछ क्षेत्रीय दलों का यह विमर्श कांग्रेस को ही कमजोर करने के अलावा और कुछ नहीं हो सकता कि जिस राज्य में जो क्षेत्रीय दल मजबूत है उसकी अगुवाई में ही वहां लोकसभा चुनाव लड़ा जाये। यह विमर्श चुनाव से पहले ही चुनाव हारने की घोषणा है क्योंकि लोकसभा चुनावों में असली मुकाबला प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय छवि से होना है। इसका मुकाबला करने के लिए विपक्ष को अपनी तरफ से कोई ऐसा राष्ट्रीय विकल्प देना होगा जो श्री मोदी की लोकप्रियता को टक्कर देता हुआ लगे। राज्यों के चुनाव में कांग्रेस ने मतदाताओं के सामने 'लोक कल्याणकारी राज' का सशक्त विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जिसमे उसे आंशिक सफलता ही मिल पाई क्योंकि कांग्रेस का वोट बैंक बढ़ने के बावजूद विजय श्री मोदी की लोकप्रियता की हुई। लोकसभा चुनावों में यह चुनौती और भी अधिक मजबूत बन कर उभर सकती है। अतः इंडिया गठबन्धन को बजाये आपस में सीटों के लिए लड़ने के लोकप्रिय जन विमर्श की तलाश अभी से करनी होगी क्योंकि राज्यों में भी भाजपा जिस प्रकार राष्ट्रीय मुद्दे उठाकर और आंचलिक लोक विसंगतियों को सतह पर चुनाव जीती है उससे उसकी चुनावी कुशाग्रता का अन्दाजा लगाया जा सकता है। इंडिया गठबन्धन को यह भी विचार करना होगा कि भाजपा की केन्द्र सरकार जिस प्रकार से 'सरकारी विकास यात्राओं' का अखिल भारतीय स्तर पर आयोजन कर रही है वह 'लोक कल्याणकारी राज' का ही एक स्वरूप ले सकता है अतः इंडिया गठबन्धन में शाध्मिल क्षेत्रीय दल इसका मुकाबला अपने जातिवादी एजैंडे से नहीं कर सकते क्योंकि इन यात्राओं का सर्वाधिक लाभ समाज के दबे व पिछड़े वर्ग को ही होने जा रहा है। ये यात्राएं चुनाव के समय 'मोदी के समाजवाद' के रूप में पेश करने से भाजपा क्यों हिचकेगी? इसके साथ ही कांग्रेस को भी यह ध्यान रखना होगा कि भारत में बाजार मूलक अर्थव्यवस्था का दौर 1991 में वही लाई थी। वर्तमान समय इसी व्यवस्था का चरम स्वरूप है। अतः इंडिया गठबन्धन के क्षेत्रीय दलों को ही किसी ऐसे वैकल्पिक विमर्श को खड़ा करने के लिए कांग्रेस को मनाना होगा जिसके तार गांधीवादी विचारों से जाकर जुड़ते हों और जो अर्थव्यवस्था में दबे व पिछड़े लोगों को मुख्य भूमिका देते हों। यह कोई छोटी चुनौती नहीं है क्योंकि जब भारत में कोई एक नेता जन प्रियता में शिखर को छूने लगता है तो उसे उसकी सरकार की नीतियों को निशाने पर रखकर ही जनता का मोह भंग किया जा सकता है। सवाल यही है कि क्या इंडिया गठबन्धन में सिवाय कांग्रेस के किसी अन्य दल में ऐसा सोचने की क्षमता है? इसमें तो हर क्षेत्रीय दल का नेता स्वयं को अपने राज्य में सर्वाधिक लोकप्रिय मानने के भ्रम में रहता है। इसके साथ विदेश नीति से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा नीति और शिक्षा नीति से लेकर स्वास्थ्य नीति तक पर सबके अलग–अलग विचार सामने आते रहते हैं। जबकि दूसरी तरफ भाजपा के विचार हिन्दुत्व व राष्ट्रवाद के दायरे में इन सब विषयों पर अपनी नीतियों का बखान करते दिखते हैं। अब लोकसभा चुनावों में केवल चार महीने का समय बचा है मगर इंडिया गठबन्धन में अभी तक इस बात पर सहमति नहीं बन पाई है कि ये राष्ट्रीय चुनाव किस वैकल्पिक विमर्श पर लड़े जायेंगे। हम 'भारत का विचार' या 'आईडिया ऑफ इंडिया' की विभिन्नता की बात तो करते हैं मगर राजनीति में धर्म के दखल पर चुप्पी लगा जाते हैं। इन विरोधाभासों को दूर करके ही कोई सशक्त विकल्प उभर सकता है। दोनों नावों में पैर रखने से कभी दरिया पार नहीं हो सकता।

# भयावह दौर से गुजरता युवा वर्ग

**अशोक कुमार सिंह**

पिछले लम्बे अरसे से देश का युवा भयावह दौर से गुजर रहा है। कोरोना काल और सरकारी नौकरी पर विश्व बैंक के दबाव ने केन्द्र और राज्य सरकार की भारी भरकम नौकरियॉ खत्म कर दी है। रही सही कसर ठेका प्रणाली ने पूरी कर दी है। सरकारी क्षेत्रों में रिक्तियॉ होने के बावजूद नौकरी के विज्ञापन न आने के कारण लाखों युवा नौकरी की उम्र पार कर गए है। कुल मिलाकर देश का युवा वर्तमान समय में भयावह दौर से गुजर रहा है। उसकी मानसिक हालत दिन पर दिन बिगड़ रही है। महंगाई और बेरोजगारी, 2022 की सबसे बड़ी चिंताएं थीं जो विरासत में 2023 में भी एक खघ्तरनाक, लंबी और तकलीफदेह मंदी बनी रही। 2008 की आर्थिक मंदी की भविष्यवाणी करने वाले अर्थशास्त्री नूरिएल रुबिनी तो कह चुके हैं कि दुनिया 1970 के दौर जैसी विकट आर्थिक स्थिति की ओर जा रही है। आर्थिक, सामाजिक बदलावों के साथ मध्यवर्ग का स्वरूप बदल रहा है। यह अब 30–40 करोड़ लोगों का देशव्यापी वर्ग है, जो प्रभावशाली है, जिसकी आवाज मजबूत है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय फलक पर बड़े नेता के तौर पर उभरे तो इसके पीछे मध्यवर्ग का बड़ा हाथ था। यह वर्ग देश की बागडोर मजबूत, निर्णायक नेतृत्व के हाथ में देखना चाहता था। इसके पीछे मध्यवर्ग के अपने स्वार्थ थे। मध्यवर्ग की ख्वाहिश थी कि आर्थिक तरक्की उस दिशा में हो, जिसकी उपलब्धियों का लाभ उसे मिले। लेकिन मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी रोजी–रोजगार के घटते अवसर, सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक व बंद होते कल–कारखानों के कारण युवा पीढ़ी भटकाव की तरफ बढ़ रही है। कुछ लोग अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए जरायम पेशा अपनाने को मजबूर हैं। वहीं उच्च शिक्षा प्राप्त युवा वर्ग रोजी–रोजगार के लिए नेताओं के पीछे–पीछे चलने को मजबूर हैं। बावजूद इसके उन्हें रोजगार नहीं मिल पा रहा है लेकिन नेताओं की तिजोरियां जरूर भर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुद्रा योजना से युवाओं को स्वरोजगार के लिए कई योजनाओं की घोषणा कर रखी है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों में जनहित के प्रति उपेक्षात्मक रवैया व बैंकों के असहयोग के चलते उनकी योजनाएं परवान नहीं चढ़ पा रही है। अभी हाल कई उद्योग ने हजारों कामगारों को काम न होने के कारण निकाल दिया। इस तरह की हजारों कंपनियों ने रास्ता अख्तियार किया है, जिससे लाखों लोगों की नौकरियां चली गई और सरकारें इस पर चुप्पी साधे हुई है। अगर यही क्रम जारी रहा है तो आगे क्या होगा, यह कहना कठिन होगा। इसी मुद्दे पर क्षेत्र के प्रमुख लोगों से बात करने पर उनके अंदर से कुछ इस तरह के विचार सामने आए। भले सरकार विकसित भारत या खुशहाल भारत का ढिढोरा पीटे, कितु आज रोजी–रोजगार के नाम पर देश की स्थिति भयावह है। जो नीतियां इस संदर्भ में मनमोहन सिंह की सरकार ने लागू की थी, उसी को मोदी सरकार आगे बढ़ा रही है और काफी तेजी से आगे बढ़ा रही है। इससे युवाओं को नौकरियां नहीं मिल पा रही है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी छोटी–छोटी नौकरियों के लिए युवा लाइन लगा रहे हैं। बावजूद उन्हें नौकरियां नहीं मिल पा रही है। ऐसे में समृद्ध भारत का नारा किस तरह साकार होगा, समझ में नहीं आ रहा है।सबसे खास बॉत यह कि जब सरकार स्वंय इस बॉत को स्वीकार कर रही है कि देश की आधी से अधिक आबादी के भरण पोषण के लिए निःशुल्क गेहूँ चावल दे रही है तो पता चलता है कि देश की आधी से अधिक आबादी के हालत कितनी बद्तर है। यूपीए–2 सरकार के मुकाबले नरेंद्र मोदी के रूप में मजबूत और निर्णायक नेतृत्व सामने आया, जो देश की रक्षा और अर्थव्यवस्था से जुड़े बड़े फैसले लेने में सक्षम था। मध्यवर्ग को मिली इस कामयाबी से देश में खुशनुमा माहौल बना था। लेकिन आज यह उत्साह ठंडा पड़ता दिख रहा है। मध्यवर्ग में उदासी है। मोदी जैसे सशक्त नेतृत्व से उसकी जो अपेक्षाएं थीं, वे पूरी नहीं हो पाईं। सबसे ज्यादा परेशानी नौकरियों और अर्थव्यवस्था को लेकर है। ऐसा नहीं कि पिछले तीन–चार साल में आर्थिक तरक्की कतई नहीं हुई, मगर जैसी उम्मीद थी, वैसे नतीजे नहीं आए। हालांकि, इस दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ, कच्चे तेल के दाम भी काबू में रहे। मगर भारत में यह रोजगारहीन विकास का दौर रहा। नई नौकरियों के पैदा होने की रफ्तार बेहद सुस्त पड़ गई।कुल मिलाकर मोदी सरकार के वायदों और उनके पूरा होने के बीच एक फासला है! रही–सही कसर नोटबंदी



और जीएसटी ने पूरी कर दी। नोटबंदी के दौरान जो मध्यवर्ग मोदी सरकार का पक्का समर्थक बनकर लाइनों में खड़ा रहा, जीएसटी ने उसकी भी सोच बदल दी। जिन–जिन वजहों से मध्यवर्ग ने अपनी आकांक्षाओं के लिए नरेंद्र मोदी में भरोसा किया था, उससे मोहभंग हुआ है। वैसे, माना जाता है कि मध्यवर्ग थोड़ा स्वार्थी और खुद में सिमटा वर्ग है। वह समाज की व्यापक पीड़ा से जुड़ता नहीं है। लेकिन मीडिया के असर और कई दूसरी वजहों से भी यह स्थिति बदल रही है। अब मध्यवर्ग देशव्यापी है। शहर की तरह गांवों में भी एक मध्यवर्ग है। किसानों के बीच भी एक मध्यवर्ग बन गया है जो कृषि की दुर्दशा और आरक्षण के झगड़ों से खुद को जोड़कर देखता है। मध्यवर्ग अब शहरी–ग्रामीण फिनॉमिना बन गया है। सबसे छोटा शहर, एक बड़ा गांव है। बहुत बड़ा गांव, एक छोटा शहर। शहर और गांव का विभाजन मिटता जा रहा है। इसलिए अब ऐसा नहीं कहा जा सकता कि कृषि संकट से मध्यवर्ग का कोई लेना–देना नहीं है। इस लिहाज से देखें तो मध्यवर्ग का विस्तार हो रहा है। इसलिए उसकी अनदेखी करना और भी मुश्किल है।हालांकि, मध्यवर्ग बड़ा व्यावहारिक तबका है। वह चाहता है कि नौकरियां मिलें, सुरक्षा मिले, आर्थिक अवसर बढ़ें, आय बढ़े, उसकी खुशहाली के अवसर पैदा हों। अगर यह सब होता रहे तो वह अति राष्ट्रवादी या सांप्रदायिक एजेंडे को भी निभा लेगा। लेकिन धंधे पर चोट हो, आमदनी न बढ़े, महंगाई बढ़ती रहे, तब सवाल उठता है कि मध्यवर्ग में सांप्रदायिक और अति राष्ट्रवादी मुद्दों से कब तक उत्साह भरा जा सकता है। मौजूदा सामाजिक अस्थिरता, हिंसक भीड़ की सरेआम हत्या की घटनाओं, बढ़ती सांप्रदायिकता ने मध्यवर्ग में बेचौनी को बढ़ा दी है। यह भी मध्यवर्ग के मोहभंग का एक कारण है। एक तरफ भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है वहीं देश विश्व भूख सूचकांक में अभी तक बहुत नीचे बना हुआ है। उज्ज्वला योजना में लोगों को रसोई गैस सिलेंडर तो दे दिये गये किंतु उनके पास उसे भरवाने के लिए पैसे नहीं हैं। सबसे खॉस बॉत यह कि आज देश में अनपढ़ मजदूर तो तीन से चार सौ रूपये दिन की मजदूरी तो हासिल कर ले रहा है लेकिन पढ़ा लिखा वर्ग इससे भी वंचित है। कुल मिलाकर सरकार के लाख दावों के बीच बेरोजगारी और महंगाई के चलते देश का 90 प्रतिशत युवा विचलित और भटकाव के दौर से गुजर रहा है।

# इंटरनेट,कंप्यूटर और मोबाइल आम उपभोक्ता की जेबों में सुराग

**संजीव ठाकुर**

टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट के अविष्कार के बाद मानवीय संचार माध्यम के अविष्कार के बाद संचार विज्ञान के इतिहास में अत्यंत समीचीन तथा भविष्य का एक तूफानी विकास है। विभिन्न संचार माध्यमों के आपस में जुड़े कंप्यूटर एवं विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का समूह कंप्यूटर नेटवर्क कहा जाता है, और इन्हीं कंप्यूटर नेटवर्क का विश्व स्तरीय अंतरजाल को अंग्रेजी में इंटरनेट कहा जाता है। अमेरिका में एक दूसरे के सूचना माध्यमों को जोड़कर जानकारी गुप्त रूप से आदान–प्रदान करने के लिए 1969 में अमेरिका में कंप्यूटर में श्अपारनेटश की स्थापना की गई थी। इसी परिकल्पना के साथ कंप्यूटर नेटवर्क, आगे चलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेटवर्क इंटरनेट के रूप में परिवर्तित हो गया। इंटरनेट का सार्थक उपयोग समाज में शिक्षा संगठन और भागीदारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण पॉजिटिव ट्रैक होने के साथ एक चमत्कारिक परिवर्तन समाज में आया है। आज लोगों के शौक खेलना, पढ़ना ,संगीत सुनना, चित्र बनाना ,फोटोग्राफी परिवर्तित होकर 90: लोगों के इंटरनेट सर्फिंग, संगीत सुनना और चित्र बनाने जैसे शौक इंटरनेट से मोबाइल अथवा कंप्यूटर के माध्यम से पूरे किए जा रहे हैं। विश्व में जनसंख्या के हिसाब से 4 अरब लोग इंटरनेट कंप्यूटर तथा मोबाइल के माध्यम से सुबह शाम इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय परिपेक्ष में 140 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या वाले देश में लगभग 40: लोग मोबाइल और इंटरनेट का उपयोग कर एक दूसरे से जुड़ने का प्रयास कर रहे हैं। इंटरनेट एक ऐसा सेवक है जो मोबाइल के माध्यम से आपके सभी आदेशों का पालन करने के लिए दिन रात उपलब्ध है। मोबाइल और कंप्यूटर में उपयोग होने वाला इंटरनेट एक ऐसा अंतरजाल है जिस का आविष्कार सूचनाओं को साझा करने के उद्देश्य किया गया था और अब सूचना प्रौद्योगिकी के इस वर्तमान काल में दस्तावेजों एवं ध्वनि माध्यम के साथ वीडियो का आदान प्रदान करना भी इंटरनेट के माध्यम से संभव हो गया है। हवाई जहाज की, होटल की, किताबों की और व्यापार बढ़ाने की योजनाओं की बुकिंग इंटरनेट द्वारा घर बैठे कंप्यूटर या मोबाइल से किया जा सकता है। सरकार की प्रशासनिक कार्यों से लेकर व्यापार ,शिक्षा के नव अवसर भी इंटरनेट के माध्यम से पूर्ण किए जाने लगे हैं। इंटरनेट ने पूरे विश्व को एक दूसरे के एकदम करीब लाने के साथ–साथ सूचना प्रौद्योगिकी में एक चमत्कारिक परिवर्तन लाया है। भारत में इस इंटरनेट या अंतरजाल ने जहां पूरे भारत को एक करके रख दिया है वहीं दूसरी तरफ इंटरनेट की सेवाएं जो एयरटेल आइडिया, डोकोमो, टाटा,जिओ और बीएसएनएल जैसी कंपनियां भारतीय उपभोक्ताओं को शहर से लेकर गांव तक अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। दूसरी तरफ पूर्व में जहां गरीब उपभोक्ता 10 से लेकर 100 तक आसानी से रिचार्ज करा लिया करता था ,अब इंटरनेट की कंपनियां 200 से लेकर 1000 तक बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट की सुविधा भी साथ में उपलब्ध करा रहे हैं जो सीधे–सीधे आम उपभोक्ता के लिए उनकी आर्थिक स्थिति में सेंध मारने जैसा कार्य है। हालांकि यह सेवाएं स्वैच्छिक हैं, उपभोक्ता इंटरनेट की सेवाएं लेना चाहे तो ले अन्यथा केवल बातचीत करने की सेवाएं सी ले सकता है,पर एक बार इंटरनेट इस्तेमाल करने की आदत पड़ने के बाद उपभोक्ता इसका आदी होने लगता है।अब स्थिति यह है कि सीधा 28,58,89 दिनों के लिए इंटरनेट के साथ बात करने की सुविधा महंगी दरों में उपलब्ध कराई जा रही है। जिससे गरीब उपभोक्ता की जेबों में हमला कर उनका मासिक बजट बिगाड़ने का काम हो रहा है, इस तरह से बात करने की सुविधा के साथ इंटरनेट भी दिया जाना भारत के ग्रामीण क्षेत्र में गरीब व्यक्ति को और भी गरीबी के दलदल में धकेलने जैसा ही है। यह सभी कंपनियों का गरीब उपभोक्ता के जेबों में सीधे–सीधे पैसे निकालने का सुनियोजित षड्यंत्र की तरह कर रहीं है। भारत के हर तीसरे व्यक्ति के पास एंड्राइड या स्मार्टफोन उपलब्ध है और यह बड़ी कंपनियां हर माह इन उपभोक्ताओं को आवश्यक रूप से इंटरनेट उपलब्ध कराने के पैकेज देकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास कर रही है, इस पर प्रभावी नियंत्रण अति आवश्यक है। इस तरह के मोबाइल रिचार्ज पर सरकार को कड़ा कानून बनाकर इस के नियमन पर नियंत्रण रखना होगा। यह एक तरह की उपभोक्ताओं की परोक्ष तथा अदृश्य भावनाओं से खेल कर उनके बजट से आर्थिक लाभ लेने की सुनियोजित योजनाएं हैं ,जिनमें तत्काल नियंत्रण की आवश्यकता होगी। भारत में इंटरनेट सेवा की शुरुआत भारत संचार निगम लिमिटेड ने वर्ष 1995 की थी अब एयरटेल, रिलायंस, टाटा इंडीकॉम, वोडाफोन, जैसी दूरसंचार कंपनियां इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराती है। विज्ञान की प्रकृति के साथ–साथ सूचना संचार माध्यम में आशातीत वृद्धि हुई है। इंटरनेट के माध्यम से न केवल उच्च शिक्षा प्राप्त की जा सकती बल्कि रोजगार प्राप्ति के लिए सहायक होते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कहा जाता है कि इंटरनेट दुनिया के सबसे बड़ा पुस्तकालय है यहां सभी पुस्तकें पढ़ने के लिए उपलब्ध हैं। इंटरनेट की एक को ही देखकर हमें भारतीय संदर्भ में आम उपभोक्ताओं के आर्थिक बजट को भी ध्यान में रखकर इंटरनेट उपलब्ध कराने वाली एजेंसियों पर नजर रख बातचीत करने के लिए सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ इंटरनेट उपलब्ध कराना एक विकल्प रखना चाहिए ।



# सोनाक्षी सिन्हा

## ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड को कहा साइको, वीडियो शेयर कर Zaheer Iqbal को इस अंदाज में किया बर्थडे विश

हाल ही में सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं. सोनाक्षी, जिनके जहीर इकबाल के साथ रिश्ते में होने की अफवाह है, ने आज, 10 दिसंबर को उनके बर्थडे पर प्यार भरे अंदाज में विश किया. उन्होंने अपने प्यारे पलों को कैद करते हुए एक प्यारा सा वीडियो पोस्ट किया और जहीर के लिए एक स्पेशल नोट भी लिखा.

### सोनाक्षी ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड को कहा साइको

आज 10 दिसंबर को, सोनाक्षी सिन्हा ने अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल को उनके बर्थडे पर विश करने के लिए अपने इंस्टाग्राम हैंडल का सहारा लिया. एक्ट्रेस ने एक वीडियो पोस्ट की, जिसमें लवबर्ड्स के कई प्यारे फोटोज को दिखाया गया. वीडियो पोस्ट करते हुए सोनाक्षी ने कैप्शन में लिखा- मेरे (द्वद्र) और मेरे पर्सनल साइको जहीर इकबाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं.



### वीडियो शेयर कर जहीर इकबाल को किया बर्थडे विश

बता दें कि सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जब अर्पिता खान की दिवाली पार्टी में एक साथ शामिल हुए थे तो इस कपल ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया था. अक्सर ये लव बर्ड्स हर स्पेशल इवेंट में भी साथ में ही नजर आते हैं. ये जोड़ी अपने रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों के कारण सुर्खियों में बनी हुई है. सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल के कपल होने की अफवाहें काफी समय से चल रही हैं. हालांकि दोनों ने आधिकारिक तौर पर इन अफवाहों पर आज तक भी रिएक्ट नहीं किया है, लेकिन इंस्टाग्राम पर उनके पोस्ट ने अक्सर अटकलों को हवा दी है.

### सोनाक्षी सिन्हा का वर्क फ्रंट

एक्ट्रेस सोनाक्षी सिन्हा की हॉरर-कॉमेडी फिल्म काकुडा में दिखाई देने वाली हैं. इसके अलावा वह निकिता रॉय और द बुक ऑफ डार्कनेस में अर्जुन रामपाल, परेश रावल और सुहैल नैय्यर के साथ-साथ बड़े मियां छोटे मियां में स्क्रीन शेयर करने के लिए तैयार हैं, जहां वह अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ होंगी.

# पान मसाले के विज्ञापन ने बढ़ाई इन स्टार्स की मुश्किलें, Shah Rukh-Akshay और Ajay Devgn को मिला हाईकोर्ट से नोटिस



इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच की ओर से शाहरुख खान, अक्षय कुमार और अजय देवगन को नोटिस जारी किया गया है. पान मसाला कंपनियों के विज्ञापन करने के मामले में यह नोटिस जारी हुआ है. केंद्र सरकार के वकील ने इस अवमानना याचिका पर लखनऊ पीठ को इस अपील को खारिज करने की अर्जी भी दी.

### इस दिन होगी सुनवाई

केंद्र सरकार के वकील ने लखनऊ पीठ को ये भी बताया कि इस मामले की सुनवाई उच्चतम न्यायालय भी कर रहा है. इस वजह से इस याचिका को खारिज कर दिया जाए. न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की एकल पीठ ने इस अवमानना याचिका को पारित किया है. साथ ही अगली सुनवाई के लिए 9 मई, 2024 की तारीख को निर्धारित कर दिया गया है.न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की पीठ ने पहले केंद्र सरकार को याचिकाकर्ता के प्रतिवेदन पर निर्णय लेने का निर्देश दिया था. दलील दी थी कि इन अभिनेताओं के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए जिन्हें उच्च सम्मान दिए गए हैं, लेकिन वे गुटखा कंपनियों के लिए विज्ञापन कर रहे हैं.

### केंद्र सरकार को मिला नोटिस

इस मामले के याचिकाकर्ता ने कहा कि 22 अक्टूबर को सरकार को प्रतिवेदन दिया गया था, लेकिन मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई. इसके बाद अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव को नोटिस जारी किया था.

शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से उप सॉलिसिटर जनरल एसबी पांडे ने बताया कि केंद्र ने अक्षय कुमार, शाहरुख खान और अजय देवगन को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है. वहीं, अदालत को यह भी जानकारी दी गई कि अभिनेता अमिताभ बच्चन ने करार रद्द करने के बावजूद उन्हें विज्ञापन में दिखाने पर संबंधित पान मसाला कंपनी को कानूनी नोटिस भेजा है.

# एक साथ दो लड़कियों को डेट कर रहे हैं मुनव्वर फारुकी? आयशा सिंह ने स्टैंडअप कॉमेडिन पर लगाया गंभीर आरोप

फेमस स्टैंडअप कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी इन दिनों बिग बॉस में अपना दम दिखा रहे हैं. शो में उन्हें काफी पसंद किया जा रहा है. बाहर उनकी काफी तगड़ी फैन फॉलोइंग है. घर में भी हर कोई उनके साथ बॉन्ड बनाने की कोशिश कर रहा है. मुनव्वर नाजिला सिताशी संग ओपन रिलेशनशिप में हैं. लेकिन इस बीच एक लड़की ने खुलासा किया है कि मुनव्वर उन्हें भी डेट कर रहे हैं.

### आयशा सिंह ने मुनव्वर फारुकी पर लगया डबल डेटिंग का आरोप

ये लड़की कोई और नहीं बल्कि इन्फ्लुएंसर आयशा खान हैं. आयशा ने हाल ही में एक पॉडकास्ट में बात करते हुए बताया कि- बिग बॉस में इस वक्त एक कंटेस्टेंट्स हैं जिन्होंने उन्हें एक म्यूजिक वीडियो के लिए मुझे मैसेज किया था. मैं उसे जानती थी इसलिए मैंने म्यूजिक वीडियो के लिए हां कर किया था. वीडियो को हो नहीं पाई लेकिन उसने मुझसे कहा कि वो मुझसे प्यार करने लगा है. धीरे-धीरे मैं भी उसे पसंद करने लगी. इसके बाद हम दोनों रिलेशनशिप में आ गए. मैं जानती थी कि वो रिलेशनशिप में हैं लेकिन उसने मुझे कहा कि उसका ब्रेकअप हो गया है.



आयशा ने आगे बताया कि जब वो बिग बॉस में जा रहा था तो मैंने सोशल मीडिया पर गर्लफ्रेंड के साथ उसकी फोटो देखी और तब मुझे रिलाइज हुआ कि वो मेरे साथ होते हुए एक और लड़की को डेट कर रहा है. आयशा ने आगे बताया कि उन्होंने उनकी गर्लफ्रेंड से बात भी की और उसने कहा कि बिग बॉस के आने के बाद वो उससे शादी करेगा.

### इसी वजह से नाजिला नहीं कर रहीं मुनव्वर को सपोर्ट ?

आयशा सिंह ने तो मुनव्वर का नाम नहीं लिया है लेकिन द खबरी ने इस वीडियो को उनके नाम से पोस्ट किया है. साथ ही यूजर्स का भी मानना है कि शायद ये कंटेस्टेंट मुनव्वर फारुकी हैं. यही वजह है कि उनकी गर्लफ्रेंड नाजिला बाहर उन्हें सपोर्ट करती नहीं दिख रही हैं.



# Bigg Boss 16 में आने से पहले अंकित गुप्ता-प्रियंका चौधरी

## में नहीं थी बातचीत, एक्टर ने कहा- हमारे बीच लड़ाई थी

बिग बॉस 16 में एक से बढ़कर एक प्रतियोगी आए. इन्हीं में से एक थे अंकित गुप्ता और प्रियंका चाहर चौधरी. पूरे शो में दोनों के कंपोज्ड बिहेवियर की खूब तारीफ हुई. खबरें तो यहां भी आईं कि अंकित और प्रियंका रियल लाइफ में डेटिंग कर रहे हैं. हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को सिर्फ बेस्ट फ्रेंड्स करार दिया है. यही नहीं, हाल में एक इंटरव्यू के दौरान अंकित गुप्ता ने कहा कि बिग बॉस 16 में आने से पहले उनकी बातचीत भी नहीं होती थी.

### अंकित ने क्या कहा ?

अंकित ने बिग बॉस में एंट्री इसलिए की ताकि प्रियंका को सपोर्ट कर सकें, इस सवाल के जवाब में उन्होंने कहा- नहीं ऐसा नहीं है. जब हम लोग घर के अंदर जा रहे थे तब तो प्रियंका और मेरी बात ही नहीं होती थी. हम को-स्टार थे लेकिन हम बात करते थे और उसके बाद हमारी लड़ाई हो चुकी थी. हमारी लड़ाई की सबसे अच्छी बात ये थी कि प्रोफेशनल लाइफ पे कोई फर्क नहीं पड़ता था उस चीज का. हम सीन के वक्त एक जैसे ही थी लेकिन सीन के बाद हम एकदम अलग हो जाते थे.



### नहीं होती थी हमारी बात

अंकित ने आगे कहा- जब हम लोग घर के अंदर जा रहे थे तो हमारी बात नहीं होती थी. मैं जानता भी नहीं था कि प्रियंका जा रही है कि नहीं क्योंकि मेरा कन्फर्मेशन बहुत लास्ट मोमेंट पर था. मैं कुछ नहीं जानता था. मेरे पास तो कपड़े भी नहीं थे, मैं चंडीगढ़ से आाय था. मैंने कोई तैयारी भी नहीं कर रखी थी. तो ऐसा नहीं है कि मैं प्रियंका को सपोर्ट करने गया था.

### घर के अंदर कैसे हुए बदलाव

सड्डा हक, बेगूसराय और कुंडली भाग्य जैसे सीरियल्स में काम करने वाले अंकित गुप्ता ने आगे कहा- घर के अंदर गया तो मुझे नहीं लगा कि ये मेरे लिए है. मैं सब चीजों से नहीं लड़ सकता था. मैं किसी पर बिना वजह नहीं चिल्ला सकता. मैं खाने के लिए नहीं लड़ सकता. लेकिन घर के अंदर मैंने और प्रियंका ने जब एक साथ इतना टाइम स्पेंड किया तो हमरा बॉन्ड जो पहले था फिर से हो गया.

# नगर की लाईफ लाइन स्टेशन रोड पर लगा डिवाइडर का ग्रहण





**मुंगावली -दैनिक पुष्पांजली टुडे संवाददाता जितेंद्र राय**

रेलवे स्टेशन से इमली चौराहा तक सड़क के दोनों ओर किनारे पर भवन और दुकानें हैं एवं कॉलोनिया बसी हुई है सड़क के किनारे छोटी-छोटी दुकानें हैं जो कस्बे की बसींदों की आजीविका की एकमात्र सहारा है! परंतु नगर परिषद के गठन के पूर्व प्रशासक के नेतृत्व में नगर परिषद अधिकारियों की एवं प्रशासनिक अधिकारियों की दूरदर्शिता के अभाव में डिवाइडर का निर्माण कराया गया जिसमें कस्बा स्तर पर बहुत सारी खामियां हुई एक तो जहां कॉलोनिया बसी है उनका मार्ग जो मुख्य मार्ग से जुड़ता है उसके सामने डिवाइडर नहीं खोला गया मुंगावली नगर का और क्षेत्र का प्रसिद्ध मंदिर श्री राम इच्छा कुटी के सामने डिवाइड नहीं खोला गया रेलवे स्टेशन पर एकमात्र बैंक केनरा बैंक शाखा के सामने डिवाइडर नहीं खोला गया ना ही लोग स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के डिवाइडर नहीं खोला गया न जैन मंदिर के सामने डिवाइडर खोला गया ना स्टेशन रोड पर एकमात्र पेट्रोल पंप के सामने डिवाइडर खोला गया परिणाम आज दिन बच्चों एवं बुजुर्गों के डिवाइडर पर करते समय गिरने की घटनाएं आम हो गई हैं डिवाइडर की ऊंचाई लगभग 1 मी रखी गई है जो अनुचित है अन्य शहरों और कस्बों की तरह मुंगावली नगर में डिवाइडर की ऊंचाई कम नहीं रखी गई जबकि स्टेशन रोड पर एक नहीं चार विद्यालय हैं शासकीय माध्यमिक विद्यालय तुलसी कॉलोनी, शीलोदय विद्यालय , सनराइज कान्वेंट स्कूल, महावीर हाई स्कूल जिनका प्रशासन द्वारा डिवाइडर निर्माण के समय ध्यान नहीं दिया गया और नगर के मार्ग को एक्सप्रेस वे के रूप में निर्माण अधिकारियों ने अपने वाहनों को दौड़ने के लिए निर्माण कराया जिसमें जनता की हितों का ध्यान नहीं रखा गया ना आमजन को होने वाली परेशानियों का विचार किया गया ना छोटे-छोटे दुकानदारों का ख्याल रखा गया जबकि जनता द्वारा इसके निर्माण के समय विरोध दर्शाया गया कोरोना काल की दूसरी लहर यानी प्रशासन का लंठुराज मैं बलपूर्वक जनता के विरोध को दबाकर डिवाइडर का निर्माण कराया गया और प्रशासन की तानाशाही जग जाहिर हुईविगत नगर परिषद चुनाव में जनता ने जनसंपर्क के दौरान तत्कालीन राज्य मंत्री बृजेंद्र सिंह से इसकी ऊंचाई कम करने और और उचित जगह-जगह पर खोलना मांग रखी थी जिस पर राज्य मंत्री द्वारा नगर परिषद चुनाव के बाद खोलने का आश्वासन दिया गया परंतु नगर परिषद चुनाव के बाद नहीं दिया गया विगत विधानसभा चुनाव में इस मांग को दोबारा उठाया जनमानस द्वारा जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष के प्रतिनिधि नरेश वाल द्वारा आश्वासन दिया गया की विधानसभा चुनाव बाद मैं सुधार किया जाएगा परंतु इस पर गंभीरता से विचार करने का अभाव दिखाई दे रहा है

# भजनलाल शर्मा को राजस्थान का सीएम और राजेन्द्र शुक्ला को मप्र का डिप्टी सीएम बनाए जाने पर ब्राह्मण महासभा ने जताई खुशी, माना केन्द्रीय नेत्रत्व का आभार

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी** । राजस्थान सरकार में भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर शिवपुरी के ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर है, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन जिला शिवपुरी द्वारा राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को शुभकामनायें देते हुए भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्वर का आभार जताया है साथ ही समाज ने मध्य प्रदेश में डिप्टी सीएम पद पर राजेन्द्र शुक्ला एवं छत्तीसगढ़ में डिप्टी सीएम पद पर विजय शर्मा की का मनोनयन किए जाने पर भी ब्राह्मण समाज ने खुशी जताई है। बधाई देने वालों में शिवपुरी ब्राह्मण महासभा के सनातन के जिलाध्यक्ष पं. पुरुषोत्तम कांत शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, राजेंद्र पांडे, सुरेंद्र पाठक, राम प्रकाश शर्मा, सतीश शर्मा, सतीश सड़ैया, कैलाश नारायण मुद्गल, सुरेश चंद भार्गव, गजेंद्र शर्मा, हरबंश त्रिवेदी, एन पी अवस्थी, डॉ बीके शर्मा, ओम प्रकाश समाधिया, लक्ष्मी नारायण भार्गव, भोजराज शर्मा, बालकृष्ण मिश्रा, बालकृष्ण शर्मा, द्वारका प्रसाद भटेले,अरविंद सरैया, राजकुमार सडैया, विपिन पचौरी, पवन अवस्थी,महावीर प्रसाद मुद्गल, राजू पिपरघार, महेंद्र शर्मा, हरिओम चतुर्वेदी केशव शर्मा डॉक्टर जेपी बिरथरे, देवेंद्र शर्मा मड़वासा सूर्य मित्र मंडल आदि शामिल हैं।



## आईटीबीपी जवानों को दिया गया मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

# मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा चलाए जा रहे केंद्र पर जाकर देखा मधुमक्खी पालन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- शिवपुरी जिले में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान अपने केंद्र पर मधुमक्खी पालन गतिविधि से जु?ंगे। इसके लिए दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के आधार पर शिवपुरी स्थित केंद्र के आईटीबीपी जवान मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण ले रहे हैं। आईटीबीपी जवानों को यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन व मप्र ग्रामीण आजीविका समूह के माध्यम से दिया जा रहा है।इस मौके पर आईटीबीपी कमाडेंट भूपेंद्र सिंह, जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर विवेक रघुवंशी, जिला पंचायत के सीईओ उमराव सिंह मरावी, मध्य प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक डॉ अरविंद भार्गव सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक अरविंद भार्गव ने बताया कि जिले के कोलारस के मोहराई गांव में मप्र ग्रामीण आजीविका समूह की मां शेरावाली महिला समूह द्वारा चलाए जा रहे मधुमक्खी पालन केंद्र का दौरा किया और यहां पर आईटीबीपी जवानों को प्रशिक्षण दिया गया।आईटीबीपी के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली से प्राप्त निर्देशों के क्रम में शिवपुरी आईटीबीपी के जवानों को मधुमक्खी पालन गतिविधियों से जो?ने की पहल हो रही है। उन्होंने बताया कि कोलारस के ग्राम मोहराई में आईटीबीपी जवानों द्वारा मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण लिया गया। यह प्रशिक्षण पूर्ण होते ही हमारे केंद्र पर आगे की गतिविधियां शुरू की जाएंगी।



# पंच पद की ग्राम पंचायतों के शस्त्र लाइसेंसधारियों के शस्त्र लाइसेंस आगामी आदेश तक पूर्ववत थाने में जमा रहेंगे

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिला दण्डाधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी ने शिवपुरी जिले में पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष-2023(उत्तरार्द्ध) को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित ग्राम पंचायतों के वार्ड में जहां चुनाव संपादित होना है। उक्त ग्राम पंचायतों के शस्त्र लाइसेंसधारियों के शस्त्र लायसेंस आगामी आदेश तक निलंबित रहेंगे तथा पूर्ववत थाने में जमा रहेंगे।जारी आदेश के तहत आयुध अधिनियम 1959 के अंतर्गत जारी शिवपुरी जिले में स्थित समस्त थाना क्षेत्रों की सीमाओं में रहने वाले एवं उपलब्ध समस्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारकों की शस्त्र अनुज्ञप्तियां तत्काल प्रभाव से विधानसभा निर्वाचन 2023 की चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक निलंबित की जाकर, उन पर अंकित लाइसेंसी शस्त्र संबंधित थाने में जमा कराये जाने के निर्देश दिए गए थे। विधानसभा निर्वाचन 2023 सम्पन्न हो चुका है तथा आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गयी है। पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसके तहत शिवपुरी जिले के अंतर्गत 108 पंच पदों के लिए निर्वाचन होना है। पंचायतों के उप निर्वाचन (उत्तरार्द्ध) कार्यक्रम की घोषणा हो उपरांत से ही संबंधित क्षेत्रों जहाँ चुनाव होना है, वहां आदर्श आचरण संहिता प्रभावी हो गयी है। संबंधित शस्त्र लायसेंसधारियों को उनके शस्त्र लाइसेंस पर अंकित थानों में जमा शस्त्रों की विधिवत वापिसी कराना सुनिश्चित करें। आदेश का उल्लंघन भादवि की धारा 188 एवं आयुध अधिनियम 1959 के अंतर्गत दंडनीय होगा। यह आदेश 11 जनवरी 2024 तक प्रभावशील होगा।

# राज्य स्तरीय योग प्रतियोगिता में श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर के 07 खिलाडियों का हुआ चयन

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**



शिवपुरी- खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में संचालित योग प्रशिक्षण केन्द्र में योग प्रशिक्षक सपना शर्मा के मार्गदर्शन में नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बालक एवं बालिका खिला?ियों का चयन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित फिजिकल कॉलेज मैदान पर गत दिवस योग की जिला एवं संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में प्रशिक्षण केन्द्र के मिनी वर्ग 6 एवं जूनियर वर्ग में 01 बालिका का चयन किया गया।जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी डॉ.के.के.खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए कु. उमा जाटव, धानी जाटव, पीयूष कोली, आयुष जाटव, कु. हेमलता जाटव, कु.रागिनी जाटव तथा जूनियर वर्ग में कु.जानवी कोली ग्वालियर इंटरसिटी ट्रेन से प्रातः 8 बजे से शिवपुरी से भोपाल के लिए रवाना किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रीमंत माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में खेलों की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल अधोसंरचना निर्मित है, जिसमें प्रशिक्षित प्रशिक्षको के माध्यम से खिलाड़ियों को नियमित रूप से प्रातः एवं सायंकाल को प्रशिक्षण दिया जाता है।जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि खेल परिसर में योग प्रशिक्षक सपना शर्मा के मार्गदर्शन में नियमित रूप से बालक एवं बालिका खिलाडियों प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे, जिनका स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मिनी वर्ग में 6 एवं जूनियर वर्ग में 1 बालिका का चयन होने पर सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# सीतापुर भाजपा युवा मोर्चा नगर 2 में हुआ भव्य बाइक रैली का आयोजन



जनपद सीतापुरभाजपा युवा मोर्चा शीर्ष नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष श्री सचिन मिश्रा जी के निदेशानुसार नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा ऋषभ त्रिवेदी के नेतृत्व नगर मंडल 2 में एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया रैली में मुख्य रूप से नगर अध्यक्ष भाजपा श्री श्री प्रकाश सिंह उपस्थित रहे बाइक रैली विकसित भारत को लेकर आयोजित की गयी थी इसमें नगर पदाधिकारी के रूप मे नगर महामंत्री आलोक श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मुदस्सर खान, उपाध्यक्ष सोमू मिश्रा उपाध्यक्ष राजा श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष राजकुमार (विक्की) उपाध्यक्ष राम निवास नगर मंत्री अभय अवस्थी उर्फ(राहुल) नगर मंत्री मनोज कश्यप नगर मंत्री शशांक शुक्ला नगर मीडिया प्रभारी प्रखर कश्यप कार्यालय प्रभारी समर्थ सोनकर आकाश गुप्ता सदस्य हर्षित राठौर सदस्य आयुष पटवा व शक्ति केंद्र संयोजक अभिषेक राठौर, हिमांशु पटवा, कुशाग्र मिश्रा, शालू खान, अजमत अली ,वैभव बाजपेयी दानिश सैफ ,अमर मिश्रा ,बालू खान, दीपू राठौर व युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा मदर्स वर्कशाप कार्यक्रम का हुआ आयोजन।

रउसा सीतापुर।जनपद सीतापुर के ब्लाक रेउसा में एजुकेशन फाऊंडेशन मदर्स वर्क शॉप के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन सीतापुर की टीम विकास खण्ड रेउसा के प्राथमिक विद्यालय हरिहरपुर नेवादा प्रथम में मदर्स वर्कशॉप किया ।जिसमें विद्यालय के सभी टीचर्स का बहुत ही अच्छा सहयोग रहा और प्रथम संस्था से सी ई एम कांति यादव राकेश यादव के माध्यम से कार्य किया गया । जिसमें क्षेत्र की सैकड़ो माता बहनों में प्रतिभाग करते हुए माताओं और बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । विद्यालय हरिहरपुर नेवादा प्रथम के प्रधानाचार्य अजय कुमार और सहयोगी अध्यापक अजीत, रितेश ,विनयद्वीप यादव भी वहां पर बच्चों की पढ़ाई को लेकर बातचीत की। और बच्चों के प्रति आने वाले भविष्य के बारे में बताते हुए बच्चों को जागरूक करते हुए उज्जवल भविष्य की कामनाएं भी की। और सभी माता बहनों से बच्चों को घर पर पढ़ने के लिए भी बताया गया कि जब तक आप लोग सहयोग नहीं करेंगे तब तक बच्चे अपना भविष्य बनाने में अधूरे रहेंगे आप लोग भरपूर बच्चों के भविष्य को लेकर पूरा सहयोग करें जिससे कि आने वाले कल में इन्हीं सभी बच्चों में से हो नहर बच्चे भी होंगे ऐसा बताते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम को संपन्न किया।

# शिवपुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई , कोतवाली पुलिस द्वारा मो0सा0 चोरी करने वाले दो शातिर चोरो को किया गिरफ्तार

## 41 मो0सा0 कीमती 20 लाख रुपये की बरामद

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-विगत समय से शिवपुरी जिले में लगातार हो रही मोटर सायकिल चोरियों के संबंध में पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रघुवंश सिंह भदौरिया व्दारा लगातार मोनिटरिंग कर मोटर सायकिल चोरो को पकडने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मूले एंव नगर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री संजय चतुर्वेदी के मार्ग निर्देशन में कोतवाली टीआई विनय यादव व्दारा टीमें घटित की गयी जिस पर से दिनांक 12.12.23 को मुखबिर व्दारा सूचना प्राप्त हुयी की दर्रोनी तिराहा सिंहनिवास रोड शिवपुरी पर दो व्यक्ति चोरी की गयी मोटर सायकिलों को बेचने की फिराक में खडे है जिस पर से कोतवाली पुलिस व्दारा त्वरिते कार्यवाही करते हुये मुखबिर के बताये स्थान दर्रोनी तिराहा सिंहनिवास रोड पर दो संदिग्ध व्यक्तियो को मोटर सायकिल ले जाते हुये पकडा जिनसे सख्ती से पूछताछ करने पर पता चला कि दोनो शातिर चोर है जिन्होने कोतवाली क्षेत्र से व शिवपुरी जिले के अन्य थाना क्षेत्रो से मोटर सायकिले चोरी की है एवं चोरी कर अपने घरो के पीछे तिवरिया में छिपा दी है एवं आरोपीगण ने बताया कि हम मोटर सायकल को काट कर मोटर सायकिल विक्रय कर देते है एवं कुछ मो0सा0 बेचने के प्रयोजन से काट भी दी है जो थाना कोतवाली टीम व्दारा दोनो आरोपियो के कब्जे से अभी तक 41 मोटर सायकल कीमती 200000रु. की बरामद की है एवं कुछ कटी हुयी मोटर सायकिले एवं पार्टस बरामद किये गये है दोनो आरोपीगणो को गिरफ्तार किया जाकर आरोपिगण से चोरी गयी मोटर सायकलो के संबंध में पूछताछ की जा रही है जिनसे चोरी गयी और मोटर सायकलो के बरामद होने की संभावना है ।



**सराहनीय भूमिकाः-**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना कोतवाली विनय यादव, उनि0 सुमित शर्मा, उनि0 दीपक पलिया, उनि0 अभिमन्यु राजावत, उनि0 आदितेय राजावत, उनि0 पूजा घुरैया, सउनि0 अमृतलाल, प्र0आर0 142 नरेश यादव, प्र0आर0 15 रघुवीर पाल, प्र0आर0 792 रविन्द्र सिनोरिया, प्र0आर0 प्रमोद वर्मा, प्र0आ0 जयकिशन, प्र0आर0 महेश भास्कर ,प्र0आर0 अवधेश कुमार, प्र0आर0 790 देवेन्द्र पाराशर, प्र0आर0 राजवीर सिंह, आर0 248 भोले सिंह राजावत, आर0 अजीत राजावत, आर0 भूपेन्द्र यादव, आर0 सुमित सेंगर, आर0 राहुल सिंह, आर0 शिवांशु यादव, आर0 महेन्द्र तोमर, आर0 सुमित सेंगर, आर0 अजय यादव, आर0 देवेन्द्र रावत, आर0 टिंकू सिंह, आर0 सोमवीर जाट, आर0 सलमान, आर0 लोकेन्द्र,म0आर0 अंजली राजपूत, प्र0आर0 चालक रामजी पाराशर, प्र0आर0 सलीम खां, प्र0आर0 इन्द्रपाल, की विशेष भूमिका रही ।

संलग्न ङ्क जप्ती मोटर सायकिल सूची ।
एमपी33 एमजी 0285
,टीव्हीएस स्पोर्टस ब्लैक रेड कलर,टीव्हीएस विक्टर ब्लैक वाइट कलर,हीरो एचएफ डीलक्स ब्लैक कलर, टीव्हीएस स्पोर्टस ब्लैक कलर

# लायंस क्लब ग्वालियर गालव का दीपावली मिलन संपन्न परिवार सहित क्लब मेबरों ने मचाई धूम


**ग्वालियर** लायंस क्लब ग्वालियर गालव दीपावली मिलन समारोह में कार्यक्रम प्रारंभ करने से पहले श्री गणेश माता लक्ष्मी माता सरस्वती तस्वीर पर पुष्प हार पहनाकर दीप प्रज्वलित किया तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित हुए पीडीजी विष्णु गोयल, पीडीजी नितिन मांगलिक, बीडीजी सुधीर बाजपेई, जैड सी सुशील पचनंदा,आरसी अजय सपरा, प्रशांत जैन, प्रशांत बाजपेई, विवेक जैन, हिमेश दंडोतिया, राका पाठक, गुरप्रीत कौर, रानी अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल ,जगदीश मित्तल, जुबेर खान, जेपी शर्मा आदि का माल्यार्पण कर स्वागत कियासर्वप्रथम सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए



जिसमें बच्चे एवं महिलाओं ने भाग लिया तत्पश्चात हाउजी गेम एवं कपल डांस एवं रंगारंग कार्यक्रम किए गए इसमें प्रतिभागियों को क्लब के अध्यक्ष नरेश जैन, सचिव जी के सूरी ,अजय चोपड़ा एवं राजेश बाबू ने विजेता प्रतिभागियों को उपहार स्वरूप गिफ्ट प्रदान किए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहनलाल अग्रवाल ने की कार्यक्रम का संचालन अजय चोपड़ा एवं राजेश बाबू ने की लायंस क्लब ग्वालियर गालव केसचिव जी के सूरी ने क्लब द्वारा किए गए 6 महीने मैं किए गए 28 सामाजिक कार्यों का बारे में बताया कार्यक्रम में विनोद शाक्य नितिन मिश्रा शरद साहू सहित सभी लायंस क्लब के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित हुए सभी ने लायंस क्लब ग्वालियर गाल के दीपावली मिलन समारोह मैं शामिल होकर एक दूसरे को बधाई दी एवं कार्यक्रम का आनंद लिया मीडिया प्रभारी राजू पंडित

# नए सीएम मोहन यादव शपथ लेते ही सुपर एक्टिव, धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर बैन

एमपी में लाउड स्पीकर पर बैन लग गया है. सीएम बनते ही मोहन यादव ने पहला बड़ा फैसला लिया है. उन्होंने सीएम बनने के बाद पहला आदेश जारी किया है और लाउड स्पीकर पर प्रतिबंध लगा दिया है. इस आदेश के मुताबिक, धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों



पर लाउड स्पीकर बैन किया गया है. इस आदेश के लिए सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन का हवाला दिया गया है. बता दें कि सीएम डॉ. मोहन यादव ने आज बुधवार को ही मंत्रालय स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यभार संभाला है. कार्यभार संभालते ही उन्होंने पहला आदेश दे दिया है.



# विधायक अभिलाश पांडे पहुंचे प्रभात झा के घर, चर्चा की

भोपाल। भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं जबलपुर उत्तर से नवनिर्वाचित विधायक अभिलाश पांडे अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा से मिलने उनके भोपाल स्थित निवास पर पहुंचे और सौजन्य भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं की काफी देर तक चर्चा भी हुई

# डॉ. कुसमरिया ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग में किया अध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण



डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया ने आज भोपाल के श्यामलाहिल्स हिल्स मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग पहुँच कर अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर पिछड़ा वर्ग से जुड़े जन-प्रतिनिधि भी मौजूद थे। डॉ. कुसमरिया को राज्य शासन ने मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया था। कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. कुसमरिया ने आयोग की गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। आयोग मुख्य रूप से प्रदेश में पिछड़ा वर्ग के लिये हितप्रहरी के रूप में कार्य करता है। इसके साथ ही आयोग राज्य की सामाजिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग जातियों की सूचियों में जातियों को जोड़ने एवं विलोपित करने की अनुशंसा राज्य शासन को भेजता है। प्रदेश में कुल आबादी का एक बड़ा हिस्सा पिछड़ा वर्ग से संबंधित है।

**जिला स्तर पर करेंगे समीक्षा**-कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. कुसमरिया ने कहा कि वे शीघ्र ही जिलों का दौरा कर पिछड़ा वर्ग के कल्याण से संबंधित योजनाओं की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वे पिछड़ा वर्ग से जुड़े स्थानीय जन-प्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी दिक्कतों को समझेंगे और सुझाव प्राप्त करे

# समावेशी बाल दिवस पर चित्रकला, रंगोली एवं क्ले मॉडलिंग स्पर्धा का आयोजन संपन्न





**ग्वालियर।** रोशनी रामकृष्ण आश्रम एवं अंजली इंटरनेशनल चिल्ड्रन एंड यूथ फेस्टिवल के सहयोग से समावेश बाल दिवस पर चित्रकला, रंगोली एवं क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 7 से 12 वर्ष के लगभग 90 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पीच एवं लैग्वेज थैरेपिस्ट रोशनी रामकृष्ण मिशन आश्रम सुश्री अर्पणा भोंसले ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एपीसी आईईडी ग्वालियर श्रीमती कृष्णा अग्रवाल, विशेष अतिथि एमआरसी ग्वालियर श्रीमती शर्मिला शर्मा , श्रीमती सोटे, आर्टिस्टि केपी श्रीवास्तव अंजली ने की। इस मौके पर अभिभावक एवं शिक्षक भी मौजूद रहे। इस मौके पर अध्यक्षता कर रहीं सुश्री अर्पणा भोंसले ने कहा कि आज हम सभी बाल दिवस के उपलक्ष्य में एकत्र हुये हैं। वहीं अंजली इंटरनेशनल चिल्ड्रन एंड यूथ फेस्टिवल का एक महत्वपूर्ण वार्षिक कार्यक्रम है जो कि स्वाभिमान डिसएबिलिटी इन्फोरमेशन एवं रिसोर्स सेंटर भुवनेश्वर उडीसा द्वारा संचालित है। उन्होने कहा कि यह एक शानदार मनोरंजन और इंटरैक्टिव गतिविधियों के साथ भौतिक और सांस्कृतिक विविधता के उत्सव में अद्वितीय है। अंजली महोत्सव का उददेश्य भारत के संविधान में निहित शांति और सामाजिक एकता को प्राप्त करने की दिशा में एक समावेशी समाज के लिये आनंदपूर्ण शिक्षा के माध्यम से एक मस्ती भरे बचपन कासे बहाल करना है। अंजली महोत्सव 2023 में अपना 22 वां वर्ष मना रहा है। रोशनी की एक टीम 2002 से 2019 तक हर साल भुवनेश्वर इस महोत्सव में भाग लेती रही है। इस साल उनके सहयोग से रोशनी रामकृष्ण मिशन आश्रम ग्वालियर में संचालित कर रहे हैं। अतिथियों का स्वागत रोशनी रामकृष्ण मिशन आश्रम की प्राचार्या राखी अष्ठाना ने करते हुये रोशनी की कार्यप्रणाली की गतिविधियों को बताया। कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन आश्रम, लिटिल एंजिल स्कूल, ग्वालियर ग्लोरी स्कूल, ऐहसास विशेष विद्यालय एवं शासकीय बालक दिव्यांग विद्यालय , मूक बधिर विद्यालय, अमर ज्योति विद्यालय एवं रोशनी के बच्चों ने भाग लिया। आभार रामसेवक बरैया ने व्यक्त किया।

# तीन दिवसीय अखिल भारतीय गीता सम्मेलन 24 से ग्वालियर में देशभर के 400 से अधिक गीता स्वाध्यायी तथा विद्वान् शामिल होंगे

ग्वालियर। विश्व गीता प्रतिष्ठानम् द्वारा आगामी 24 से 26 दिसम्बर तक अखिल भारतीय गीता सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। इस गीता सम्मेलन में देश भर से लगभग 400 से अधिक गीता स्वाध्यायी तथा विद्वान शामिल होंगे।

उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये आयोजन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश दीक्षित , केन्द्रीय महामंत्री डॉ वीएन तिवारी ने बताया कि इस तीन दिवसीय गीता सम्मेलन में देशभर से लगभग 400 से अधिक गीता स्वाध्यायी तथा विद्वान शामिल होकर गीता के प्रचार प्रसार और ज्यादा कैसे किया जाये इस पर विचार विमर्श करेंगे। उन्होंने बताया कि जहां न्यायालय में गीता पर हाथ रखकर शपथ दिलाई जाती है वहीं अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारत देश में विदेशों से अरबों डालर का निवेश करने वाले उन निवेशक देश के प्रमुख पदाधिकारियों को 10 रुपए की गीताजी की छोटी सी पुस्तक भेंट करते हैं और वे विदेशी नियोक्ता इस छोटी सी गीता को पाकर अपना सब कुछ सनातन धर्म की सेवा में समर्पित कर देते हैं।

उन्होंने बताया कि विश्व गीता प्रतिष्ठानम् घर-घर गीता का प्रचार हो, सदाचार और सद्विचार हो ,पहले सा भारत जगदुरु बने के उददेश्य से कार्य कर रहा है। इस उद्देश्य से समाज में जन जागरण का कार्य करते हुए श्रीमद्भगवद्गीता को राष्टीय ग्रंथ का स्थान दिलाने हेतु जन संगठन भी तैयार कर रहा है। विश्व गीता प्रतिष्ठानम् का कार्य भारत के साथ विदेशों में भी फैल रहा है। छोटे-छोटे समूहों में ग्रामों तथा नगरों में बहुत तेजी से गीता स्वाध्याय मंडलों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। गीता, संस्कृत, संगीत, शिक्षा, आयुर्वेद, योग, ज्योतिष, संस्कार, प्रबंधन, गौ संरक्षण एवं संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, आत्म प्रबंधन आदि क्षेत्रों में कार्य करते हुए वर्ष में सप्त उत्सवों का आयोजन भी विश्व गीता प्रतिष्ठानम करता आ रहा है। इस सम्मेलन में



देशभर में चले रहे गीता संस्कृत स्वाध्याय मंडलों के स्वाध्यायी कार्यकर्ता वर्ष में एक बार होने वाले अखिल भारतीय गीता सम्मेलनों में एकत्रित होकर अपने कार्यों की समीक्षा करते हैं तथा आगामी वर्ष की कार्य योजना बनाते हैं।

आयोजन समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश दीक्षित ने बताया कि इस गीता सम्मेलन में 22 प्रान्तों के प्रतिनिधियों की सहभागिता रहेगी जिनमें जम्मू कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसग?, बिहार, झारखंड, उ?ीसा, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश आदि प्रांतों के प्रतिनिधियों के साथ नेपाल, बंगलादेश, अमेरिका एवं जर्मनी के गीता स्वाध्यायी कार्यकर्ता तथा विद्वान सामूहिक रूप से इस सम्मलेन में 3 दिन तक निरंतर अपने द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा तथा आगामी वर्ष की योजना तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि इस सम्मलेन में नियमित दिन चर्या के साथ सात्त्विक आहार-विहारपूर्वक योग प्राकृतिक चिकित्सा सम्मेलन, गीता स्वाध्यायी सम्मेलन, कवि सम्मेलन, गीता नृत्य नाटिका, ज्योतिष सम्मेलन, शोध संगोष्ठी एवं संस्कृत सम्मेलन, आयुष सम्मेलन, स्वास्थ्य परीक्षण एवं निरूशुल्क औषधि वितरण, कुटुंब स्वाध्याय, सांस्कृतिक संध्या, सामूहिक अखंड गीता पाठ एवं यज्ञ, प्रांतशरू और श्रेणीशरू संगठनात्मक गोष्ठियां, गीता ज्ञान-विज्ञान प्रदर्शनी, गीतागायन स्पर्धा, पुरस्कार वितरण तथा सम्मान समारोह आदि कार्यक्रम होंगे।आयोजन अध्यक्ष ओमप्रकाश दीक्षित ने बताया कि इस अखिल भारतीय गीता सम्मेलन में विश्वक्सेनाचार्य हिमाचल प्रदेश, डॉ कुलदीप पुरोहित द्वारिका गुजरात, सत्यानंद शास्त्री बिहार, डॉ. धनंजय मिश्रा जम्मू कश्मीर, दीदी तपस्यानन्द , अग्निवेश भोपाल, योगाचार्य लखनलाल पाठक छतरपुर, डॉ. हेमंत शर्मा रायपुर छत्तीसग?, लक्ष्मीनारायण पटेरिया बीना, प्रो. राजेश्वर प्रसाद मिश्र कुरुक्षेत्र, प्रो. बाबूलाल मीना भरतपुर, महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी, सलकनपुर से पधारेंगे। विश्व गीता प्रतिष्ठानम् की केंद्रीय कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी तथा सभी प्रांतों एवं जिलों की कार्यकारिणियों के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन की आयोजन समिति में संरक्षक के रूप में महन्त दिलीप शर्मा करौली माता मंदिर, महलगांव, निदेशक आईआईटीटीएम डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. एम. डी. पाराशर , किशन मुद्गल , डॉ सुरेश शर्मा, कमिश्नर आईएएस ओमप्रकाश श्रीवास्तव , आईएएस उपेन्द्र नाथ शर्मा , जगदीश नायक, बसंत पाराशर तथा आयोजन अध्यक्ष ओमप्रकाश दीक्षित , सचिव - अभिषेक द्विवेदी, संयोजक - डॉ सी.पी. शर्मा, महाप्रबंधक - ओमप्रकाश पटसारिया हैं।पत्रकार वार्ता में विश्व गीता प्रतिष्ठानम के केन्द्रीय संगठन मंत्री विष्णुप्रसाद शर्मा, सचिव अभिषेक द्विवेदी, संयोजक सीपी शर्मा, महाप्रबंधक ओमप्रकाश पटसारिया, केन्द्रीय महामंत्री डॉ विष्णुनारायण तिवारी तथा आईआईटीटीएम के प्रोफेसर डा चन्द्रशेखर बरूआ भी मौजूद थे।

# नेता प्रतिपक्ष भी नया चेहरा होगा: सतीश, फूल सिंह व जयवर्धन की दावेदारी उभरी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में नेता प्रतिपक्ष के लिये कांग्रेस भी अब भाजपा की तर्ज पर नया चेहरा आगे लाने की प्लानिंग कर रही हैं, ताकि विधानसभा में अंदर और बाहर दोनों तरफ से भाजपा को घेरा जा सकें। इसके लिये अब नये युवा और तेजतर्रार विधायक की तलाश की जा रही हैं। यह तलाश इसलिये भी है कि कांग्रेस के कई दिग्गज विधानसभा चुनाव में धराशायी हो गये हैं और अब कांग्रेस को एक दमदार और करिश्माई भी? वाला लीडरशिप चेहरा चाहिये।

ग्वालियर चंबर संभाग से नेता प्रतिपक्ष के लिये तीन नाम सर्वानुमति से आगे ब? है और पार्टी आलाकमान उस पर विचार भी कर रहा है। इसमे सबसे प्रमुख नाम ग्वालियर के दिग्गज कांग्रेस विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार सहित दलित नेता इंजीनियर फूल सिंह बरैया व जयवर्धन सिंह के हैं। कांग्रेस को नेता प्रतिपक्ष के लिये ऐसा दमदार चेहरा सामने लाना होगा, जो विधानसभा में भाजपा







सरकार को घेरने के लिये हरदम चैकस व हाजिर जबाब रहे। इसके लिये कांग्रेस आलाकमान की ओर से नामों की तलाश की जा रही है। वहीं ऐसी संभावना है कि ग्वालियर चंबल संभाग में कांगेस के तीन दिग्गज विधायक जो चुनाव जीते हैं उसमे से किसी एक की ताजपोशी की जाये, ताकि ग्वालियर चंबल संभाग में कई कांग्रेस दिग्गजों के हारने पर पैदा हुये रिक्त स्थान की पूर्ति की जा सकें। इसमे सबसे प्रमुख नाम पूर्व के दिग्गज कांग्रेस विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार का हैं, जिन्होंने भाजपा की दिग्गज नेत्री व पूर्व मंत्री माया सिंह को पराजित किया है। माया सिंह महल कोटे से केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की भाजपाई उम्मीदवार थी।

विधायक डा. सतीश सिंह सिकरवार को नेता प्रतिपक्ष के रूप में आगे लाने के लिये कांग्रेस आलाकमान की सोच है कि डा. सतीश फ्रेश चेहरा है और उनमे भी? जुटाने, आंदोलन करने की करिश्माई क्षमता है, वह विधायकों को एकजुट भी रख सकते है और सबसे ब?ी बात यह है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सहित दिल्ली कांग्रेस आलाकमान के भी प्रिय है। अपनी पत्नी डा. शोभा सिकरवार को 57 वर्षों बाद ग्वालियर की कांग्रेस मेयर बनवाकर वह दिल्ली आलाकमान की आंखों का तारा बन चुके हैं। इसी क्रम में कांग्रेस के प्रमुख फायरब्राण्ड दलित नेता इंजी. फूल सिंह बरैया का नाम भी नेता प्रतिपक्ष के लिये कांग्रेस विधायकों व प्रदेश आलाकमान की निगाह में हैं। बरैया प्रदेश में कांग्रेस के ऐसे नेता है जिनकी प्रदेश के हर ब्लाक, तहसील व विधानसभा में अपना मजबूत नेटवर्क है और जो उनकी आवाज पर तुरंत ख?ा भी हो सकता हैं।

वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के पुत्र जयवर्धन सिंह भी नेता प्रतिपक्ष का पद लेने के लिये तैयारी में लगे है। उन्होंने पिछले विधानसभा कार्यकाल में अपनी पहचान भी अपने पिता की तरह प्रदेशभर में बनाई हैं। दिग्विजय सिंह भी जयवर्धन के लिये अ? सकते हैं, उन्हें वह अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का मुख्यमंत्री उम्मीदवार भी तैयार करने के लिये लगे हैं।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478